# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155



• साल-1 • अंक-49 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • शनिवार 25 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


पेज 3

## न्यूज़ ब्रीफ

### हफ्ते में सोना 8,455, चांदी में 3,700 सस्ता

**नई दिल्ली**| सोने की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक हफ्ते में सोना 8,455 सस्ता होकर 1,22,419 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 17 अक्टूबर को यह 1,29,584 के रिकॉर्ड स्तर पर था। 24 अक्टूबर को सोना 935 गिरा, जबकि 23 अक्टूबर को इसका भाव 1,23,354 प्रति 10 ग्राम था। वहीं चांदी 3,700 सस्ती होकर 1,47,750 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यह अपने ऊपरी स्तर से 30,350 तक गिर चुकी है। आईबीजेए के रेट्स में जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होते। इन्हीं दरों के आधार पर आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड और गोल्ड लोन की कीमतें तय करता है।

### भारतीयों पर अवैध रूप से काम का आरोप

**न्यूयॉर्क**| अमेरिका में भारतीय मूल के 39 वर्षीय मेहुल गोस्वामी को न्यूयॉर्क राज्य की सरकारी नौकरी के दौरान दूसरी कंपनी में अवैध रूप से काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर 'ग्रैंड लार्सेनी' (बड़ी चोरी) का मामला दर्ज हुआ है। जांच में पता चला कि गोस्वामी ने करदाताओं के लगभग 50,000 डॉलर (42 लाख रुपए) का दुरुपयोग किया। वे न्यूयॉर्क स्टेट ऑफिस ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सर्विसेज में काम करते थे, लेकिन मार्च 2022 से ग्लोबल फाउंड्रीज नामक कंपनी के लिए भी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहे थे वह भी सरकारी घंटों में। इंस्पेक्टर जनरल लूसी लैंग ने कहा कि यह आचरण जनता के भरोसे का उल्लंघन है। दोषी पाए जाने पर मेहुल गोस्वामी को 15 साल तक की जेल हो सकती है।

### कनाडा के विज्ञापन से भड़के ट्रम्प

**वॉशिंगटन**| अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा के साथ चल रही व्यापार वार्ताएं रद्द कर दी हैं। ट्रम्प का कहना है कि कनाडा ने पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के भाषण का गलत इस्तेमाल करते हुए एक विज्ञापन जारी किया, जिसमें टैरिफ नीतियों की आलोचना की गई है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा "कनाडा ने रीगन के 1987 के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। यह धोखाधड़ी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 79866-30191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# आंध्र प्रदेश में चलती बस को लगी भीषण आग, 20 लोगों की मौत हुई

**एजेंसी | हैदराबाद**

आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के चिन्नाटेकुर के पास शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एक प्राइवेट बस में आग लगने से 20 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृतकों की संख्या 25 तक पहुंच सकती है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि बस NH-44 पर तेज़ रफ्तार में जा रही थी, तभी एक बाइक से टकरा गई। बाइक बस के नीचे फंस गई और फ्यूल टैंक से टकराने पर उसमें विस्फोट हुआ, जिससे पूरी बस आग की लपटों में घिर गई। हादसे में बाइक सवार शिवशंकर की भी मौके पर मौत हो गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। इनमें से 19 लोगों ने खिड़कियाँ तोड़कर या कूदकर जान बचाई, लेकिन कई यात्री आग में फंस गए। झुलसे हुए लोगों को कुर्नूल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कई शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। कुर्नूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि हादसे में दो बच्चों समेत 21 यात्री बाल-बाल बच गए, जबकि ड्राइवर और कंडक्टर का कोई सुराग नहीं मिला है। ज्यादातर यात्री 25 से 35 वर्ष की उम्र के थे और हादसे के समय सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद बस में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे मुख्य दरवाज़ा जाम हो गया और लोग अंदर फंस गए।



बस में लगी आग बुझने के बाद की तस्वीर। हादसे के बाद से ड्राइवर-क्लीनर लापता हैं, हादसे में मारे गए शख्स का केवल कंकाल बचा।

### प्रशासन की राहत और सहायता व्यवस्था

घटना के बाद कुर्नूल की जिला कलेक्टर डॉ. ए. सिरी घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत कार्यों की निगरानी की। उन्होंने लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूमः 08518-277305, सरकारी अस्पताल, कुर्नूलः 9121101059, स्पॉट कंट्रोल रूमः 9121101061, पुलिस कंट्रोल रूमः 9121101075, जीजीएच हेल्प डेस्कः 9494609814, 9052951010 जारी किए हैं।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा "कुर्नूल का हादसा बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं।" प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता राशि की घोषणा की है।*

**अमृतसर के होटल में आपत्तिजनक स्थिति में मिली 4 युवतियां**

# पुलिस ने रात में मारा छापा, मैनेजर समेत 5 को पकड़ा

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

अमृतसर पुलिस ने श्री दरबार साहिब के नजदीक कहिआवाला बाजार स्थित बी.आर. होटल में देर रात छापा मारकर चार युवतियों और होटल मैनेजर को हिरासत में लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस होटल में अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं। इसी सूचना के आधार पर रात करीब साढ़े 10 बजे अचानक छापा मारा गया। मौके से पुलिस ने आपत्तिजनक स्थिति में चार युवतियों और होटल स्टाफ को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी बलजिंदर सिंह औलख ने बताया कि उन्हें गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि दरबार साहिब के पास स्थित इस होटल में संदिग्ध लोगों का आना-जाना जारी है और यहां गैरकानूनी गतिविधियां हो रही हैं। इसके बाद एक विशेष टीम गठित कर होटल पर रेड की गई। पुलिस को कई अहम सबूत मिले हैं जिन्हें जब्त



कर जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस ने होटल मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। बलजिंदर सिंह औलख ने कहा कि ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि शहर में अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अब होटल मालिक और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

# टमाटर 600 रुपये किलो, दामों में 400% तक उछाल

**एजेंसी | इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में टमाटर की कीमतों ने आम लोगों की जेब पर जोरदार चोट की है। देशभर में टमाटर का दाम 600 पाकिस्तानी रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, जो सामान्य कीमतों से लगभग 400% अधिक है। पहले जहां टमाटर 50 से 100 रुपये किलो में मिल रहा था, वहीं अब इसका भाव 550 से 600 रुपये किलो तक जा पहुंचा है।पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 11 अक्टूबर से जारी सीमा तनाव के कारण टोर्कहम और चमन जैसे प्रमुख बॉर्डर क्रॉसिंग पॉइंट्स बंद हैं। इस्लामाबाद ने काबुल पर आतंकी



संगठनों को शरण देने का आरोप लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियाँ ठप हो गईं। इसके चलते करीब 5,000 ट्रक और कंटेनर सीमा पर फंसे हुए हैं, जिनमें टमाटर, सेब और अंगूर जैसी नाशवान वस्तुएं भरी हैं।

▪ **लाहौर मार्केट में ट्रक सप्लाई घटी, दाम आसमान पर...** *स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लाहौर के बादामी बाग मार्केट में जहां सामान्य दिनों में 30 ट्रक टमाटर आते थे, वहीं अब रोजाना केवल 15–20 ट्रक ही पहुंच पा रहे हैं। इससे मांग और आपूर्ति में असंतुलन पैदा हो गया है, जिसके चलते कीमतों में तेज़ उछाल आया है।*

▪ **अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़े...** *टमाटर के अलावा कई अन्य सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं हसुनः 400 किलो, अदरकः 750 किलो, मटरः 500 किलो, काली मिर्चः 300 किलो, भिंडीः 300 किलो, खीराः 150 किलो, लाल गाजरः 200 किलो, धनियाः 50 किलो है।*

### अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को पानी से किया इनकार

**काबूल**| भारत की तर्ज पर अब अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान को पानी देने से इनकार कर दिया है। अफगान सूचना मंत्रालय ने बताया कि तालिबान सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने कुनार नदी पर बांध निर्माण का आदेश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि यह काम घरेलू कंपनियों को ठेका देकर जल्द शुरू होगा। कुनार नदी का 70–80% पानी पाकिस्तान इस्तेमाल करता है। बांध बनने से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में खेती और हाइडल प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ेगा।

# पीएम ने 51 हजार को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा "यह सिर्फ नौकरी नहीं, राष्ट्र सेवा का अवसर है"

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आयोजित 17वें रोजगार मेले में देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को



नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित किया और कहा कि यह केवल सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। पीएम मोदी ने कहा "इस बार दिवाली आपके जीवन में नई रोशनी लेकर आई है। त्योहारों के बीच पक्की नौकरी मिलना दोहरी खुशी है उत्सव की भी और सफलता की भी।" उन्होंने आगे कहा कि यह क्षण केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सफलता का प्रतीक है। "आपका आत्मविश्वास और परिश्रम ही विकसित भारत का आधार बनेगा। जब आपकी सफलता देश की सेवा के साथ जुड़ जाएगी, तो यह आपकी नहीं, भारत की जीत होगी।"

▪ ***11 लाख से ज्यादा युवाओं को अब तक नौकरी मिली...***

पीएम मोदी ने बताया कि रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल सिर्फ सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में यह एक बड़ा अभियान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने "पीएम विकसित भारत योजना" के तहत 3.5 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही स्किल इंडिया मिशन के ज़रिए युवाओं को नई तकनीक और कौशल की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वे बदलते रोजगार बाजार के अनुरूप आगे बढ़ सकें। उन्होंने नेशनल करियर सर्विस प्लेटफॉर्म को भी युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर बताया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर एक नए प्लेटफॉर्म "प्रतिभा सेतु पोर्टल" की भी घोषणा की। उन्होंने कहा "जो उम्मीदवार यूपीएससी की अंतिम सूची तक पहुंचे, लेकिन चयनित नहीं हो सके, अब उनकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। निजी और सरकारी संस्थान इस पोर्टल के जरिए ऐसे युवाओं से संपर्क कर सकेंगे, उन्हें इंटरव्यू और नौकरी के अवसर दे सकेंगे।" पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल देश की युवा प्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करेगी और भारत की क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगी।

▪ ***देशभर में 40 स्थानों पर हुआ आयोजन...***

इस बार रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 40 स्थानों पर किया गया। पिछला रोजगार मेला 12 जुलाई 2025 को हुआ था। रोजगार मेले की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 को हुई थी। तब प्रधानमंत्री मोदी ने लक्ष्य रखा था कि देश के युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। अब तक 9.73 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल चुका है। फरवरी 2024 में हुए 12वें रोजगार मेले में ही 1 लाख से अधिक युवाओं को जॉब लेटर दिए गए थे।






# देशभर में शुरू होगा SIR अभियान, पहले चरण में दस राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश शामिल

**एजेंसी| नई दिल्ली**

चुनाव आयोग जल्द ही पूरे देश में विशेष गहन संशोधन (SIR) अभियान की औपचारिक घोषणा करने जा रहा है। इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शेड्यूल शीघ्र जारी किया जाएगा। पहले चरण में 10 से अधिक राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश को शामिल किया जाएगा इनमें असम, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं, जहां वर्ष 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि यह प्रक्रिया ऐसे समय में शुरू की जा रही है जब फर्जी वोटिंग और वोट चोरी को लेकर उठे आरोपों ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में आयोग इस बार कितनी पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखता है, यह अहम होगा।

### दो चरणों में पूरी होगी SIR प्रक्रिया

*चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, SIR प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। दूसरे चरण में उन राज्यों को शामिल किया जाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं, विशेषकर वे राज्य जहां सर्दियों के मौसम में मतदान में कठिनाई हो सकती है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों को सटीक और अद्यतन करना है, ताकि आगामी चुनावों में किसी भी प्रकार की असुविधा या त्रुटि से बचा जा सके।*

▪ **सीईओ सम्मेलन के बाद लिया गया निर्णय...** *यह फैसला 23 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के बाद लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की, जबकि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद रहे। बैठक में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की SIR तैयारियों की समीक्षा की गई। आयोग ने सीईओ को पिछली संशोधन प्रक्रिया से मतदाताओं को वर्तमान सूची से मैप करने के निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी। असम, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुदुच्चेरी के सीईओ के साथ वन-टू-वन चर्चा भी की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, "आयोग अब शेड्यूल पर अंतिम निर्णय लेकर इसकी घोषणा जल्द करेगा।"*

▪ **पहले बिहार से शुरू हुई थी पहल...** *SIR की राष्ट्रीय घोषणा पहले 24 जून 2025 को बिहार में शुरू हुई प्रक्रिया के साथ की गई थी। हालांकि, इसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। अदालत ने ईसीआई के अधिकार क्षेत्र को बरकरार रखते हुए यह निर्देश दिया कि आधार कार्ड को 12वें पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल किया जाए।*

▪ **लाखों नए मतदाताओं को मिलेगा अवसर...** *विशेषज्ञों का मानना है कि यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। SIR के तहत नागरिकों को अपनी जानकारी अपडेट करने और नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने का अवसर मिलेगा, जिससे लाखों नए वोटर जुड़ सकेंगे। चुनाव आयोग ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे SIR की तैयारियों को तेज़ करें और पहले चरण वाले राज्यों में मतदाता जागरूकता अभियान तुरंत शुरू करें।*

**स्मृति शेष • भारतीय विज्ञापन जगत को अपनी अलग पहचान और आत्मा देने वाले पद्म श्री पीयूष पांडे का 70 वर्ष की आयु में निधन**



# मिले सुर मेरा तुम्हारा... *पीयूष*... फेविकोल का मजबूत जोड़ टूट गया

**एजेंसी | मुंबई**

विज्ञापन जगत को अपनी अलग पहचान और आत्मा देने वाले पद्म श्री पीयूष पांडे (70) का गुरुवार को निधन हो गया। जयपुर में जन्मे पीयूष के परिवार में उनकी पत्नी नीता पांडे हैं। चार दशकों तक पीयूष पांडे ओगिल्वी इंडिया के ही नहीं, बल्कि भारतीय विज्ञापन जगत के चेहरा बने रहे। 1982 में वे इस एजेंसी से जुड़े, इससे पहले वे क्रिकेटर, चाय चखने वाले (टी टेस्टर) और निर्माण कार्य से भी जुड़े रहे थे। उन्होंने ऐसे अभियानों का निर्माण किया जो भारतीय भाषाओं, भावनाओं और संस्कृति की बारीकियों से जुड़े थे।

### गीत जिसने राष्ट्रीय एकता को सुरों में पिरोया

▪ 15 अगस्त 1988 पूरा देश स्वतंत्रता का जश्न मना रहा था। उस दौर में जब मनोरंजन के साधन सीमित थे और दूरदर्शन ही हर घर का मुख्य माध्यम था, उसी स्क्रीन पर एक ऐसा गीत आया जिसने भारत की आत्मा को सुरों में पिरो दिया। प्रधानमंत्री का संबोधन समाप्त होते ही टीवी स्क्रीन पर प्रसारित हुआ गीत "मिले सुर मेरा तुम्हारा"। इस गीत के बोल पीयूष पांडे ने लिखे थे, जबकि संगीतकार पंडित भीमसेन जोशी और अशोक पटकी ने इसे सुरों से सजाया।

"मिले सुर मेरा तुम्हारा" को 14 भारतीय भाषाओं हिंदी, असमिया, तमिल, तेलुगु, कश्मीरी, पंजाबी, सिंधी, उर्दू, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, उड़िया, गुजराती और मराठी में गाया गयाw था। इस गीत में सिनेमा, खेल और संगीत जगत की प्रसिद्ध हस्तियाँ नजर आईं अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, जितेंद्र, मिथुन चक्रवर्ती, तनूजा, और खिलाड़ियों में सुनील गावस्कर, पी.टी. उषा, कपिल देव, प्रकाश पादुकोण और मिल्खा सिंह जैसे महान चेहरे शामिल थे। दूरदर्शन पर पहली बार इतने विविध क्षेत्रों के सितारे एक साथ दिखाई दिए एक ही मंच पर, एक ही संदेश के साथः "भारत एक है।"

▪ **पीयूष पांडे के पांच यादगार अभियान...**"कुछ खास है" – कैडबरी डेयरी मिल्क (1993): कैडबरी का यह विज्ञापन एक युवा महिला को दिखाता है जो चॉकलेट खाते हुए क्रिकेट मैच देख रही है। जैसे ही बल्लेबाज़ छक्का मारता है, वह खुशी से मैदान में दौड़कर नाचने लगती है।शांतनु शोरी द्वारा निर्देशित और पीयूष पांडे की टीम द्वारा तैयार यह विज्ञापन भारतीय दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हुआ और भारतीय विज्ञापन की कहानी कहने की शैली में एक नई ताजगी लेकर आया। फेविकॉल के विज्ञापन इतने प्रभावशाली रहे कि लोग हर गोंद को "फेविकॉल" कहने लगे। इसके दो प्रमुख विज्ञापन भीड़ से भरी बस जिसे "फेविकॉल का जोड़" ने संभाल रखा है, और वह अंडा जो टूटता नहीं आज भी याद किए जाते हैं। 2014 में भाजपा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक माहौल को बदलने के लिए ओगिल्वी और पीयूष पांडे की टीम से यह ऐतिहासिक अभियान तैयार करवाया। "अबकी बार, मोदी सरकार" नारा भारत के हर घर और दुकान की टीवी स्क्रीन पर गूंज उठा। हच, इस भावनात्मक विज्ञापन में एक छोटा लड़का जहां-जहां जाता है, उसके पीछे-पीछे एक प्यारा पग (कुत्ता) चलता है। टैगलाइन "Wherever you go, our network follows" ने इस अभियान को आकर्षक और विश्वसनीय बना दिया। एशियन पेंट्स, इस अभियान में आठ कहानियों के ज़रिए दिखाया गया कि कैसे अलग-अलग लोग अपने घर को अपनी भावनाओं से सजाते हैं — कहीं एक नवविवाहित जोड़ा दीवारें रंग रहा है, तो कहीं एक दादी अपने पोते को खाना बनाते देख मुस्कुरा रही है। "हर घर कुछ कहता है" ने दर्शकों के दिल को छू लिया और एशियन पेंट्स को एक भावनात्मक ब्रांड पहचान दिलाई।

### टॉमहॉक मिसाइल से हमला हुआ तो देंगे कड़ा जवाब : पुतिन

**मॉस्को**| रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने टॉमहॉक मिसाइलों से हमला किया, तो रूस कड़ा जवाब देगा। यह बयान अमेरिका द्वारा रूसी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लूकोइल पर प्रतिबंध लगाने के बाद आया है। हालांकि पुतिन ने कहा कि रूस संवाद के पक्ष में है, और "टकराव के बजाय बातचीत हमेशा बेहतर होती है।"अमेरिका ने 22 अक्टूबर को ट्रम्प-पुतिन बैठक रद्द होने के बाद यह प्रतिबंध लगाए। इन कंपनियों पर रोक का मकसद रूस की जंग संबंधी फंडिंग रोकना बताया गया है। पुतिन ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध से तेल की सप्लाई घटेगी और कीमतें बढ़ेंगी, जिससे "अमेरिका समेत पूरी दुनिया में तेल महंगा हो सकता है।

# शहीदी दिवस के सम्बन्ध में देशभर के मुख्यमंत्रियों को दिया निमंत्रण

**» पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों से भेंट कर दिया निमंत्रण**





**समर न्यूज | चंडीगढ़**

श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पंजाब सरकार की ओर से देशभर के मुख्यमंत्रियों को औपचारिक रूप से आमंत्रण देने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट की।

कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आगामी स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण सौंपा।

इसी दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और हरदीप सिंह मुंडियां ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की 350वीं शहादत के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे समारोहों में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

इसके अतिरिक्त, कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

ये मुलाकातें पंजाब सरकार की उस पहल का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य 'हिंद की चादर' नवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादर जी की अमर शहादत की याद में पंजाब में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रमों में देशभर की व्यापक भागीदारी को सुनिश्चित करना है।



# कमल कौर भाभी हत्याकांड में दो आरोपियों पर आरोप तय

**समर न्यूज | बठिंडा**

बहुचर्चित कमल कौर भाभी हत्या मामले में अदालत ने शुक्रवार को दो आरोपियों जसप्रीत सिंह और निमरतप्रीत कौर के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। चालान पेश होने के बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ मुकदमे की ट्रायल प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। हालांकि दोनों आरोपियों ने अदालत में दोष स्वीकार करने से इनकार किया है और अपने बचाव में ट्रायल चलाने की मांग की है। इस मामले में अमृतपाल सिंह मेहरो और रणजीत सिंह अब भी फरार बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, अमृतपाल सिंह भारत से यूएई भाग चुका है, जबकि रणजीत सिंह की




लोकेशन का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# तरन तारन उपचुनावः 5 उम्मीदवारों ने वापस लिए नामांकन पत्र

**» अब कुल 15 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव**

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा क्षेत्र 21-तरन तारन की उपचुनाव सीट के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 5 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन हरपाल सिंह, निर्मल कौर, गुरमीत कौर, सारिका जौड़ा और हरप्रीत सिंह ने अपनी नामांकन वापस ले ली है। उन्होंने ने आगे बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 20 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए थे, परंतु अब 5 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापसी के बाद कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं सुखविंदर कौर (शिरोमणि अकाली दल),



हरजीत सिंह संधू (भारतीय जनता पार्टी), हरमीत सिंह संधू (आम आदमी पार्टी),करणबीर सिंह (इंडियन नेशनल कांग्रेस), शाम लाल गांधी (सच्चो सच्च पार्टी), नायब सिंह (नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी),अरुण कुमार खुरमी राजपूत (निर्दलीय),हरपाल सिंह भंगू (निर्दलीय), हरबरिंदर कौर उसमान (निर्दलीय), एडवोकेट कोमलप्रीत सिंह (निर्दलीय),जसवंत सिंह सोहल (निर्दलीय), नीटू शटरांवाला (निर्दलीय), मनदीप सिंह (निर्दलीय), मनदीप सिंह खालसा (निर्दलीय) और विजय कुमार (निर्दलीय)।उल्लेखनीय है कि मतदान 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और 14 नवंबर 2025 को मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' 237वें दिन पंजाब पुलिस ने 94 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के सफाए के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान "युद्ध नशों विरुद्ध" के 237वें दिन भी यह मुहिम पूरे जोश के साथ जारी रही।

आज पंजाब पुलिस ने राज्यभर में 298 स्थानों पर छापेमारी करते हुए 73 एफआईआर दर्ज कीं और 94 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। इस तरह अब तक 237 दिनों में कुल 33,950 नशा तस्कर पकड़े जा चुके हैं।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 197 ग्राम हेरोइन, 40 किलो भुक्की, 1029 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 12,800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य सौंपा है। नशों के खिलाफ जारी इस अभियान की निगरानी हेतु राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस व्यापक अभियान में 62 गज़टेड अधिकारियों की देखरेख में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें शामिल हुईं, जिन्होंने राज्यभर में 298 छापे मारे। पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 340 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।



राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), नशामुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) लागू की है। इसी क्रम में पंजाब पुलिस ने आज 44 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया, जो अभियान के 'डी-एडिक्शन' हिस्से की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा और गुरमीत सिंह खुड्डियां ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी पर्व के लिए दिया निमंत्रण

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

एक महत्वपूर्ण राजनयिक भेंट के तहत पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा और गुरमीत सिंह खुड्डियां ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित आगामी स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण पत्र भेंट किया।

यह महान आयोजन 20 नवंबर से आनंदपुर साहिब में आयोजित किया जाएगा — एक ऐसा ऐतिहासिक नगर जो सिख परंपराओं, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक महत्ता का प्रतीक है। मंत्रियों ने इस अवसर की ऐतिहासिक



एवं आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे कुरबानी, आध्यात्मिकता और एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पर्व विभिन्न समुदायों में सद्भावना और आपसी समझ-बूझ को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पंजाब सरकार द्वारा दिए गए इस निमंत्रण के लिए आभार प्रकट किया और इस आयोजन में सम्मिलित होने के प्रति अपनी सकारात्मक भावना एवं इच्छा व्यक्त की।

इसके अतिरिक्त, बैठक के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पंजाब के मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रणालियों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने आपसी सहयोग, श्रेष्ठ नीतियों के आदान-प्रदान और दोनों राज्यों में इन क्षेत्रों को और सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। इस वार्ता ने जनकल्याण को प्रोत्साहित करने और सहयोगी विकास पहलों को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाया।

बैठक में दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों की महत्ता, साथ ही कुरबानी, सेवा और प्रगति जैसी साझा मूल्यों पर भी विशेष बल दिया गया।

# पटियाला जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ा

**» 9.65 लाख घरों की जांच में 9511 जगह मिला लार्वा**

**समर न्यूज | पटियाला**

पटियाला जिले में डेंगू ने एक बार फिर अपने पैर पसार लिए हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में मामलों में कमी आई है, लेकिन नाभा क्षेत्र में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने बताया कि अब तक जिले के 9 लाख 65 हजार घरों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 9511 स्थानों पर डेंगू मच्छर का लार्वा मिला, जिसे तुरंत नष्ट करवा दिया गया। डॉ. सुमित के अनुसार, फिलहाल सक्रिय मामलों की संख्या नियंत्रित है और पटियाला शहर में खतरा कम है। वहीं, नाभा क्षेत्र में अधिक मामले सामने आने के कारण प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा किटें और मेडिकल संसाधन



डॉ. सुमित

पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, जरूरत पड़ने पर प्लेटलेट्स की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। डॉ. सुमित ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने और पानी जमा न होने देने की अपील की गई है।

# 26 नवंबर को पंजाब विधानसभा में विद्यार्थियों के लिए मॉक सेशन होगा : स्पीकर

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब विधानसभा में विद्यार्थियों के लिए संभावित रूप से 26 नवंबर 2025 को मॉक सेशन आयोजित कराने के लिए राज्य के जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की।

स्पीकर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शिक्षा क्षेत्र में मिसाल बनने वाले सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदला जा रहा है, शिक्षकों की खाली पदों को भरा जा रहा है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नए उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र की जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को राजनीतिक प्रशासन के कामकाज, कानून बनाने और बजट तैयार करने संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक छात्र का चयन किया जाएगा और उन्हें पंजाब विधानसभा में मॉक सेशन में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इस मॉक सेशन में सरकारी स्कूलों के चयनित विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

स्पीकर ने जोर देकर कहा कि अगर विद्यार्थियों को राजनीति के बारे में सही जानकारी होगी, तभी वे भविष्य में आगे बढ़ सकते हैं और सही प्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक लगभग 2,400–2,500 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी पंजाब विधानसभा का दौरा कर चुके हैं।

# रेलवे स्टेशन पर पहुंचे कांग्रेसी विधायक परगट सिंह

**» छठ पूजा के लिए बिहार जाने वाले यात्रियों से की मुलाकात**

**समर न्यूज | जालंधर**

छठ पूजा को लेकर जालंधर सिटी रेलवे पर बिहार जाने वाले लोगों से मुलाकात करने के लिए कांग्रेसी विधायक प्रगट सिंह पहुंचे। विधायक द्वारा बिहार जाने वाले लोगों से मुलाकात की गई। वही रेलवे विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लेकर भी जायजा लिया। विधायक द्वारा स्टेशन मास्टर से भी मुलाकात की गई। कांग्रेसी विधायक प्रगट सिंह ने बताया कि पिछले दिनों जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन से एक वीडियो सामने आई थी। जिसमें पीछे से आ रही ओवरलोडेड ट्रेन में लोग बैठने के लिए काफी धक्का मुक्की कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग दवा तो कर रहा है कि काफी सुविधा बिहार जाने वाले लोगों को दी जा रही हैं। लेकिन ऐसा



बिल्कुल नहीं है ट्रेन बहुत से कम गिनती में पंजाब रूट से चलाई जा रही हैं। जिसका नतीजा कई जगह अफरा तफरी और डैमेज की खबरें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय राज्य रेल मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सिर्फ एक रील मंत्री हैं। वह वीडियो पर ही अपना काम दिखाते हैं ग्राउंड पर ऐसा कुछ नहीं है। वहीं बिहार जाने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने पिछले काफी समय से बिहार जाने के लिए परिवार की 10 टिकट बुक करवाई थी। लेकिन परिवार के सिर्फ दो टिकट ही बुक हो पाई है। उन्होंने कहा कि साल में एक बार ही छठ पूजा का त्यौहार आता है। जैसे तैसे करके वह बिहार बिल्कुल जाएंगे और चाहे उसके लिए उन्हें फाइन क्यों ना देना पड़े।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी शहीदी दिवस पर आनंदपुर साहिब की सड़कों का रूप बदलेगा : ई.टी.ओ.

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री गुरु तेग़ बहादर जी के शहीदी दिवस से संबंधित आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आनंदपुर साहिब में चल रहे सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को 15 नवंबर 2025 से पहले हर हाल में पूरा किया जाए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने बताया कि श्री गुरु तेग़ बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आनंदपुर साहिब की प्रमुख सड़कों की मरम्मत, रोशनी व्यवस्था के उन्नयन और अन्य विकास कार्यों की व्यापक योजना तैयार कर ली गई है। यह योजना चंडीगढ़ सर्कल के लोक निर्माण विभाग द्वारा अंतिम रूप में स्वीकृत कर दी गई है। इन कार्यों और इनके रख-रखाव के लिए लगभग 24.51 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट निर्धारित किया गया है।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि इस योजना के तहत श्री आनंदपुर साहिब से दशमेश अकादमी रोड, शहर की अंदरूनी सड़कों, श्री आनंदपुर साहिब से श्री नैणा देवी रोड तथा अन्य प्रमुख मार्गों का उन्नयन किया जाएगा। लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों, पुलों और संपर्क मार्गों की



मरम्मत और अपग्रेडेशन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 77.58 लाख रुपये विशेष मरम्मत और रख-रखाव कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि इस कार्य योजना में सड़कों के किनारों पर लगी लाइटों की मरम्मत और उन्नयन को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही कार्यकुशलता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए नियमित और विशेष मरम्मत, पुराने या क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों को बदलना, एलईडी लाइटें लगाने, तथा एल्युमिनियम और कॉपर वायरिंग के आधुनिकीकरण जैसे कार्य भी इस पहल का हिस्सा हैं। हरभजन सिंह ई.टी.. ने बताया कि इन कार्यों के लिए कुल 24.51 करोड़ रुपए की राशि अलॉट की गई है।विभाग ने श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को सुगम व सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, ताकि इस ऐतिहासिक आयोजन के दौरान श्रेष्ठ वातावरण तैयार किया जा सके।

# जालंधर में ट्रैक्टर-ऑटो की जोरदार टक्कर, दो महिलाएं घायल

**समर न्यूज | जालंधर**

जालंधर के फिल्लौर–नूरमहल रोड पर रविवार को एक ट्रैक्टर और ऑटो में जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद लुधियाना के अस्पताल में रेफर किया गया है। ऑटो सवार परिवार लुधियाना का रहने वाला था और नकोदर के डेरा बाबा मुराद शाह से माथा टेककर वापस लौट रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर का संतुलन अचानक बिगड़ गया और वह सामने से आ रहे ऑटो



हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ ऑटो।

से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए, और यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

ऑटो सवार शिव शंकर ने बताया कि वे कुल आठ लोग थे, जो परिवार समेत धार्मिक दर्शन कर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल फिल्लौर पहुंचाया। दो महिलाओं की हालत नाजुक होने पर उन्हें लुधियाना रेफर किया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

## डीआईजी भुल्लर मामले में बड़ा खुलासा

# माछीवाड़ा के पास एक गांव में 55 एकड़ का फार्म हाउस

**» सीबीआई ने की फार्म हाउस की जांच**








**दीपक कुमार । माछीवाड़ा साहिब | समर न्यूज**

रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई तेज हो गई है। जांच एजेंसी अब उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करने की तैयारी में है। शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने लुधियाना के माछीवाड़ा इलाके के मंड शेरिया गांव में स्थित उनके फार्महाउस पर छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, भुल्लर की इस क्षेत्र में करीब 65 एकड़ जमीन है, जिसकी वैधता और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

इससे एक दिन पहले गुरुवार को सीबीआई ने चंडीगढ़ के सेक्टर-40 स्थित भुल्लर की कोठी पर लगभग 9 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया था। टीम ने घर में रखी हर वस्तु एसी, गमले, बल्ब और अन्य सामान तक की वीडियोग्राफी और सूची तैयार की। परिवार के सदस्यों से 2 घंटे तक पूछताछ हुई, उनके जवाब लैपटॉप में टाइप कर वीडियोग्राफ किए गए और सभी बयानों पर हस्ताक्षर लेकर सीलबंद लिफाफों में रखा गया।

**2.16 लाख सैलरी, लेकिन संपत्ति 15 करोड़ से ज्यादा**

सीबीआई सूत्रों के अनुसार,



डीआईजी भुल्लर की मासिक बेसिक सैलरी 2.16 लाख है, लेकिन उनकी संपत्ति 15 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। उनकी संपत्तियां जालंधर, मोहाली, लुधियाना और कपूरथला जैसे बड़े शहरों में फैली हुई हैं। इन शहरों को ए-ग्रेड शहरी क्षेत्र माना जाता है। जांच एजेंसी अब यह पता लगा रही है कि इतनी संपत्ति केवल वेतन से संभव थी या नहीं। भुल्लर की रिटायरमेंट में अभी 2 साल बाकी हैं।

**6 साल की संपत्ति पर सीबीआई की निगाह** : सीबीआई फिलहाल भुल्लर द्वारा पिछले 6 वर्षों में अर्जित संपत्तियों की गहन जांच कर रही है। इस दौरान उनके लॉकर भी खोले जा रहे हैं ताकि संदिग्ध निवेशों और नकदी का पता लगाया जा सके। हालांकि गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने अब तक उनका रिमांड नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि एजेंसी अब जल्द ही रिमांड की अर्जी दाखिल करेगी। नए आपराधिक कानून के तहत एजेंसी 40 दिनों के भीतर कभी भी आरोपी को रिमांड पर ले सकती है।

**सीबीआई फिर से करेगी पूछताछ** : भ्रष्टाचार और अघोषित संपत्ति के इस पूरे मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए सीबीआई अब भुल्लर को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। एजेंसी यह जानना चाहती है कि करोड़ों रुपए की संपत्तियों का स्रोत क्या है और क्या ये रिश्वत या अवैध लेनदेन से जुड़ी हैं।

# जालंधर में सस्पेंड एसएचओ पर अब पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

**» रेप पीड़िता से कहा 'तुम बहुत सुंदर लगती हो', बच्ची को चूमने की कोशिश का भी आरोप**

**समर न्यूज़ | जालंधर**

जालंधर के फिल्लौर थाने के निलंबित एसएचओ भूषण कुमार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ अब पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि एसएचओ ने रेप पीड़िता नाबालिग बच्ची से अनुचित बातें की।

महिलाओं से दोअर्थी और अशोभनीय बातचीत की शिकायतों के बाद एसएचओ को पहले ही सस्पेंड कर लाइन हाजिर किया जा चुका था। इस मामले में एफआईआर



दर्ज की जा चुकी है। महिला आयोग ने भी एसएचओ के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई थी।

एसएसपी नरिंदर पाल सिंह ने मामले की जांच एएसपी मनजीत कौर की निगरानी में करवाई। जांच रिपोर्ट को अब पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को भेज दिया गया है।

मामला तब सामने आया जब 9 अक्टूबर को एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ रेप की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। महिला का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बजाय एएसपी ने उसके साथ अशोभनीय बातें कीं, अकेले मिलने की मांग की, और बेटी के साथ भी अनुचित व्यवहार किया। पुलिस अब आरोपी एसएचओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की तैयारी में है।

# प्रभजोत सिंह धालीवाल को मिली बढ़ी जिम्मेदारी

**मनिन्दर सिंह लाड्डी | लुधियाना समर न्यूज़**

प्रभजोत धालीवाल को मालवे के जिला लुधियाना, मोगा और रोपड़ का ऑब्जर्वर नियुक्त किया।

प्रभजोत ने यह जिम्मेदारी मिलने पर समस्त पार्टी के प्रधान सुखबीर सिंह



बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और परमबंस सिंह रोमाना और सरबजीत सिंह झिंजर का दिल धन्यावाद किया। आने वाले 2027 के चुनावों में यूथ अकाली दिल अपनी अहम भूमिका निभाएंगे और पार्टी में बढ़ चढ़कर काम करके उसे विजय बनाएंगे।

# अमृतसर में संदीप गोयल ने संभाला डीआईजी का पदभार

**» कहा, टीमवर्क और जनता के सहयोग से बॉर्डर रेंज को बनाएंगे और मज़बूत**

**समन न्यूज़ । अमृतसर**

अमृतसर बॉर्डर रेंज के नए पुलिस उप महानिरीक्षक संदीप गोयल ने मंगलवार को अपना पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। डीआईजी गोयल ने इस अवसर पर कहा कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे। उन्होंने पूर्व में कार्य कर चुके अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि वे उनकी बेहतरीन कार्य परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। गोयल ने कहा कि बॉर्डर इलाकों



में नशे और हथियारों की तस्करी जैसी चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं, लेकिन पंजाब पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर रेंज में तैनात अधिकारी युवा, अनुभवी और ऊर्जावान हैं, जिनके सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। डीआईजी गोयल ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता का विश्वास कायम रखना और अपराधों पर रोक लगाना है। उन्होंने बताया कि पहले भी पंजाब पुलिस ने कई नशे की खेपों और अवैध हथियारों की तस्करी को रोका है, और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि टीमवर्क, जनता के सहयोग और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से बॉर्डर रेंज की कानून-व्यवस्था को और प्रभावशाली बनाया जाएगा।

# हरियाणा के डीजीपी ओ पी सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजित

**» प्रदेश भर के अधिकारियों ने वी सी के माध्यम से लिया बैठक में भाग » सेवा भी, सुरक्षा भीः हरियाणा पुलिस की कार्यशैली में बड़ा बदलाव**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने पुलिस मुख्यालय में सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की कार्यशैली पूरी तरह बदलेगी। पुलिस को अब प्रोएक्टिव, समाधान देने वाली, समन्वयित और जनता के हित में काम करने वाली बनना होगा। साथ ही पुलिसकर्मियों के रहने और काम करने की स्थिति में भी सुधार किया जाएगा। डीजीपी ने हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को आदेश दिए कि वे दो सप्ताह में सभी थानों और चौकियों की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करें। रसोई, शौचालय, बिजली की वायरिंग और सुरक्षा व्यवस्था को ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि हर थाना साफ, सुरक्षित और व्यवस्थित दिखना चाहिए। इसके लिए इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे हर थाना खुद जाकर देखें और रिपोर्ट दें।



**जनता की सुरक्षा के लिए फाइटिंग फिट और वर्किंग आर्डर की नीति**

हरियाणा पुलिस को फाइटिंग फिट और वर्किंग ऑर्डर में रखना मेरा प्रमुख ध्येय है। ड्यूटी के दौरान गलती होना स्वाभाविक है, पर अनुशासनहीनता या बदमाशी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगी।हरियाणा पुलिस 365 दिन, 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर है। मैं अपने किसी भी पुलिसकर्मी को नुकसान में नहीं देख सकता — हम यहाँ जान देने नहीं, बल्कि जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए हैं।अपराधी को कानून के अनुसार सलाखों के पीछे भेजा जाएगा, लेकिन यदि कोई प्रतिकार करेगा, तो उसे तुरंत और उचित जवाब मिलेगा। हरियाणा पुलिस जनता और अपराधियों के बीच मजबूत ढाल बनकर खड़ी है। पुलिसकर्मियों के कल्याण संबंधी उन्होंने निर्देश दिए कि शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को नियमानुसार तुरंत मदद दी जाए। किसी काम में देरी न हो और हर 15 दिन में उनकी स्थिति की रिपोर्ट दी जाए। शहीदों के परिवार के काम रुकने नहीं चाहिए।

**जनता से संवाद और पुलिसकर्मियों से जुड़ाव**

डीजीपी ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी नियमित फील्ड विज़िट करें, पुलिसकर्मियों से बात करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जनता से अच्छा व्यवहार बहुत ज़रूरी है। पुलिसकर्मी "Please, Sorry, Thank You" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करें — इससे पुलिस की छवि बेहतर होगी और जनता का भरोसा बढ़ेगा।

**सोशल मीडिया पर सतर्कता और संवाद**

डीजीपी ने कहा कि अब पुलिस को सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहना होगा। अफवाह फैलाने वालों और पुलिस विरोधी गलत जानकारी फैलाने वालों पर शुरुआत से ही नज़र रखी जाए। जिले के अधिकारी रोजाना सोशल मीडिया या टीवी के ज़रिए जनता से संवाद करें ताकि पारदर्शिता और भरोसा बना रहे।

**सहयोग से अपराध नियंत्रण**

सभी थाना और चौकियां मिलकर काम करें और आस पास के क्षेत्र में अपराध कम करने के लिए साझा रणनीति बनाएं। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक श्री अर्शिंदर चावला को नए पुलिस सब-इंस्पेक्टरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए, ताकि वे फिल्मी नहीं बल्कि वास्तविक पुलिसिंग सीखें।

डीजीपी ने बताया कि हरियाणा में रेप के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है और कुल अपराधों में भी गिरावट दर्ज हुई है। नए आपराधिक कानूनों का सफल क्रियान्वयन गृह मंत्री ने सराहा है। सीसीटीएनएस सिस्टम में भी हरियाणा पूरे देश में शीर्ष पर है। डीजीपी ने कहा — विभाग पहले, सुविधा बाद में। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील इलाकों में तैनात अधिकारी बिना सूचना के छुट्टी पर न जाएं। SHO को छुट्टी से पहले IG को और SP को ADG (L&O) को सूचित करना होगा। डीजीपी ओ.पी. सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस का लक्ष्य है – हर पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे, जनता निडर रहे, और हर थाना जनता के विश्वास का प्रतीक बने।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित "हिंद दी चादर" जागृति यात्रा लुधियाना पहुंची

**दलजीत विक्की | लुधियाना समर न्यूज**

नगर कीर्तन शताब्दी प्रबंधन समिति तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब, बिहार सरकार और बिहार पर्यटन के पूर्ण सहयोग से हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मति दास जी, भाई सती दास और भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित जागृति यात्रा 17 सितंबर 2025 को गुरुद्वारा गुरु का बाग से शुरू हुई, जो विभिन्न राज्यों से होते हुए 20 तारीख को पंजाब पहुंची। बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड होते हुए 20 तारीख को पंजाब और विभिन्न जिलों से होते हुए आज लुधियाना में चंडीगढ़ रोड पर वर्धमान मिल के सामने पहुंचे। दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला और पार्टी कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान विधायक ग्रेवाल और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जागृति यात्रा में मौजूद सभी श्रद्धालुओं को गुरु साहिब जी का लंगर परोसा. इस अवसर पर पार्षद लवली मनोचा, पार्षद अमरजीत सिंह, पार्षद सुखमेल ग्रेवाल, अश्वनी शर्मा गोभी, मंजीत चौहान, मनुकमंजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अंकुर गुलाटी, मनवीर संधू, जसप्रीत मिंथु, बख्शीस हीर, रणजीत राणा आदि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा इलाके के श्रद्धालु भी मौजूद थे।

# कैलिफोर्निया ट्रक हादसे में आरोपी जशनप्रीत के समर्थन में पूरा गांव एकजुट

**» परिजनों ने कहा, "वह अमृतधारी है, नशे से उसका कोई लेना-देना नहीं"**

**अवतार सिंह, गुरदासपुर समर न्यूज़**

कैलिफोर्निया में हुए ट्रक हादसे में पंजाबी युवक जशनप्रीत सिंह का नाम सामने आने के बाद अब उसके गृहनगर गुरदासपुर के गांव पुराना शाला में उसके समर्थन में पूरा गांव एकजुट हो गया है। गांव के लोगों और परिवार ने गुरुद्वारा साहिब में एकत्र होकर कहा कि जशनप्रीत बचपन से ही अमृतधारी, धार्मिक और अनुशासित युवक है।

परिवार और ग्रामीणों ने बताया कि जशनप्रीत का पूरा परिवार गुरसिख परंपरा का पालन करता है। वह कभी नशे के पास भी नहीं गया, बल्कि समाज में एक सच्चे सिख और मेहनती युवक के रूप में जाना जाता है। उनका कहना है कि उस पर लगाए जा रहे नशे के आरोप पूरी तरह झूठे और निराधार हैं।

जशनप्रीत के पिता रविंदर सिंह



जशनप्रीत के पिता रविंदर सिंह

ने कहा कि यह हादसा सिर्फ एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी, जो किसी के साथ भी हो सकती है। उन्होंने हादसे में मारे गए तीन लोगों — एक महिला और दो बच्चों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा परिवार वहिगुरु से उनकी आत्मा की शांति के लिए अरदास कर रहा है।

उन्होंने भारत सरकार से अपील की है कि वह इस मामले में अमेरिकी प्रशासन और कैलिफोर्निया पुलिस से संपर्क कर इसकी गहराई से जांच करवाए। उनका कहना है कि सिख धर्म को बदनाम करने की साजिश नहीं होने दी जानी चाहिए और जशनप्रीत को न्याय मिलना चाहिए।

# जालंधर में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी, परिवार भाई दूज मनाने गया था लुधियाना

**» सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस ने जांच शुरू की**

**समर न्यूज । जालंधर**

शहर के अर्जुन नगर इलाके में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर घर का गैस सिलेंडर चुराकर फरार हो गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य भाई दूज का त्योहार मनाने लुधियाना गए हुए थे।

घर लौटने पर परिवार ने जब देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और गैस सिलेंडर गायब है, तो तुरंत सीसीटीवी फुटेज चेक की गई। फुटेज में एक युवक को घर में घुसकर सिलेंडर उठाते और फरार होते देखा गया। पीड़ित ऋषभ ने बताया कि वे शाम करीब 5 बजे परिवार सहित लुधियाना के लिए निकले थे। रास्ते में पड़ोसियों का फोन आया कि उनके घर के अंदर



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात।

किसी के चलने-फिरने की आवाज आ रही है। वे तुरंत वापस लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और रसोई से सिलेंडर गायब था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# छठ पूजा पर रेलवे की अनोखी पहल स्टेशनों पर गूंज रहे हैं छठ के भक्ति गीत

**» यात्रियों ने महसूस की घर की खुशबू**

**समर न्यूज़ । नई दिल्ली**

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भारतीय रेलवे ने एक अनोखी पहल की है। अब देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ के पारंपरिक भक्ति गीतों का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अपने घर और संस्कृति से जुड़ाव का अनुभव हो रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह पहल यात्रियों को त्योहार की शुभ भावना और सांस्कृतिक माहौल से जोड़ने के लिए शुरू की गई है। पटना, दानापुर, हाजीपुर, भागलपुर, जमालपुर, सोनपुर, नई दिल्ली, गाज़ियाबाद और आनंद विहार टर्मिनल जैसे मुख्य स्टेशनों पर छठ के गीतों की मधुर धुनें यात्रियों के स्वागत में बजाई जा रही हैं।

छठ पूजा के पारंपरिक लोकगीत बिहार और पूर्वांचल की सांस्कृतिक आत्मा



माने जाते हैं। रेलवे ने इस बार पहली बार स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली पर छठ गीतों के माध्यम से यात्रियों का स्वागत किया है। इससे स्टेशन परिसर भक्ति, उल्लास और अपनापन से भर उठा है। रेलवे ने इस अवसर पर 12,000 से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाने की घोषणा की है ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मिल सके। साथ ही, प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सीसीटीवी निगरानी और आरपीएफ की अतिरिक्त तैनाती की गई है। यह पहल न केवल यात्रियों के सफर को सुगम बना रही है, बल्कि उन्हें बिहार और पूर्वांचल की सोंधी सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ रही है। यात्रियों ने कहा कि यह कदम उन्हें अपने घर की खुशबू और त्योहार की भावना का एहसास करा रहा है।

# गुरु चरण यात्रा में शामिल हुए सीएम नायब सिंह सैनी

दलजीत विक्की | फरीदाबाद
समर न्यूज



दिल्ली के गुरुद्वारा मोतीबाग साहिब से शुरू होकर तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना तक जाने वाली 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' शुक्रवार को औद्योगिक नगरी फरीदाबाद पहुँची। इस पवित्र यात्रा में शामिल होने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी फरीदाबाद पहुँचे।

यात्रा बृहस्पतिवार रात बदरपुर बार्डर से फरीदाबाद में प्रवेश कर सेक्टर 37 होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 15 में कुछ समय के लिए रुकी। इसके बाद मध्यरात्रि को यात्रा गुरुद्वारा दरबार साहिब पहुँची।

इस यात्रा में दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और खालसा की माता साहिब कौर के पवित्र जोड़े को साथ लाया गया। मार्ग में गुरु की संगत ने जगह-जगह इस पवित्र यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

यात्रा का अगला पड़ाव गुरुद्वारा दरबार साहिब एनआईटी नंबर पांच रहा। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी भी यात्रा में शामिल हुए। अब यह पवित्र यात्रा आगरा के लिए रवाना होगी। औद्योगिक नगरी की संगत अभी जोड़ा साहिब के दर्शन कर रही है।

**सीएम नायब सिंह सैनी का संदेश**
गुरुद्वारा दरबार साहिब में संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "आज औद्योगिक नगरी धन्य हुई है। गुरु गोबिंद सिंह जी के जोड़े के दर्शन का सौभाग्य मिला, और उनके चरणों की धूल यहां पड़ी है।" सीएम ने आगे कहा, "गुरु जी की वीरता और कुर्बानी पर हर भारतवासी को गर्व है। उन्होंने क्रूर मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया और चार साहिबजादों समेत अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया। विश्व में ऐसी मिसाल कहीं नहीं मिलती।" इस अवसर पर मुख्यमंत्री सिख वेशभूषा में नजर आए और यात्रा में शामिल

# कोविड नुकसान की भरपाई, सरकार देगी 249 दिन का भुगतान

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान संचालन से वंचित रही प्राइवेट बसों के संचालकों को बड़ी वित्तीय राहत देने का निर्णय लिया है। परिवहन विभाग ने किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली 700 बसों के लिए 249 दिनों का फिक्स्ड कंपोनेंट भुगतान स्वीकृत किया है। यह भुगतान 35 प्रतिशत लीज चार्ज के आधार पर किया जाएगा।

किलोमीटर स्कीम बस ऑपरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मांग के बाद राज्य परिवहन निदेशालय ने यह फैसला लिया है। विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यह भुगतान दो चरणों में किया जाएगा।

**भुगतान की अवधि इस प्रकार रहेगी : पहला चरण:** 18 मई 2020 से 23 नवंबर 2020 तक – कुल 190 दिन। **दूसरा चरण:** 3 मई 2021 से 30 जून 2021 तक – कुल 59 दिन।





इस प्रकार, दोनों चरणों को मिलाकर कुल 249 दिनों का भुगतान बस संचालकों को किया जाएगा। हालांकि, देशव्यापी लॉकडाउन अवधि (25 मार्च 2020 से 17 मई 2020) को भुगतान से बाहर रखा गया है, क्योंकि इस दौरान सार्वजनिक परिवहन पूर्ण रूप से बंद था।

**रिकॉर्ड आधारित भुगतान**
परिवहन विभाग ने सभी रोडवेज डिपो महाप्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाए। इसके लिए:
संबंधित डिपो का आधिकारिक रिकॉर्ड आधार बनेगा
जिन दिनों बसें नहीं चलीं, उन दिनों के किलोमीटर
बसों की संख्या और संचालन अवधि के आधार पर भुगतान तय होगा
सरकार के इस फैसले से किलोमीटर स्कीम के अंतर्गत कार्य करने वाले सैकड़ों निजी बस ऑपरेटरों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्होंने कोविड काल में भारी आर्थिक नुकसान झेला था।

# राव नरेंद्र सिंह भ्रष्टाचार मामले में एसीबी ने दाखिल की चार्जशीट

समर न्यूज | नारनौल



हरियाणा कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच पूरी होने के बाद राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नारनौल अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

**मामले का इतिहास:**
मामला वर्ष 2014 का है, जब राव नरेंद्र सिंह कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे।
आरोप है कि पलवल क्षेत्र में 30 एकड़ जमीन की सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) मंजूरी के लिए 30 से 50 करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी।
रुपये की मांग का एक स्टिंग ऑपरेशन धर्मेंद्र नामक व्यक्ति ने किया था, जिसकी सीडी बाद में जांच में शामिल की गई।

**जांच प्रक्रिया :** शिकायत लोकायुक्त हरियाणा को दी गई थी। लोकायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव ने मामले को एसीबी को सौंपा। 29 जनवरी 2016 को ACB गुरुग्राम में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 13(1)(डी) के तहत FIR दर्ज की गई थी। लंबी जांच प्रक्रिया के बाद 23 अक्टूबर 2025 को चार्जशीट अदालत में पेश की गई।

**राजनीतिक प्रभाव :** राव नरेंद्र सिंह को हाल ही में कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। इस मामले ने जिला और प्रदेश स्तर की राजनीति में गरमागरम चर्चा शुरू कर दी है।

# 5 नवंबर को हरियाणा कांग्रेस तय करेगी नयी रणनीति

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस ने 5 नवंबर को विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक बुलाने की योजना बनाई है। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस विधायक दल का नेता बनने और पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह के प्रदेशाध्यक्ष पद संभालने के बाद होने वाली पहली बड़ी बैठक होगी।

बैठक में पार्टी सभी विधायकों के साथ-साथ पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता और पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करेगी।

इसका मुख्य उद्देश्य संगठन की आगामी रणनीति और दिशा तय करना है। हुड्डा और राव के नेतृत्व में यह बैठक कांग्रेस के लिए नई शुरुआत का संकेत मानी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में विधायक दल की भूमिका, संगठनात्मक सुधार, चुनावी तैयारियां और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह बैठक हरियाणा कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि यह नए नेतृत्व के तहत पार्टी की राजनीतिक दिशा और संगठनात्मक मजबूती तय करने का बड़ा मंच बनेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बैठक पार्टी की रणनीतिक स्थिति को मजबूत करने और आगामी चुनावी समीकरणों को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।



# छह महीने में बीएसएफ कांस्टेबल शिवानी को मिली इतिहास रचने वाली पदोन्नति



समर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्रीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 60 साल के इतिहास में एक अभूतपूर्व उपलब्धि सामने आई है। उत्तर प्रदेश के दादरी निवासी बढ़ई की बेटी शिवानी को बल में शामिल होने के मात्र पाँच महीनों में बिना बारी के (आउट ऑफ टर्न) हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत किया गया। यह भारत के किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार हुआ है।

शिवानी ने यह ऐतिहासिक सफलता 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप, ब्राजील (31 अगस्त–8 सितंबर 2025) में रजत पदक जीतकर हासिल की। उनके असाधारण प्रदर्शन ने बीएसएफ में उनकी पहचान को बेहद जल्दी स्थापित किया।

महानिदेशक ने शिवानी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, "शिवानी बीएसएफ की उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। आउट ऑफ टर्न पदोन्नति का यह अवसर बहुत ही दुर्लभ है और केवल कुछ ही कर्मियों को मिलता है। यह उन्हें अपनी सेवा में तेजी से उन्नति और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। यह उनके परिवार और समाज के लिए भी प्रेरणादायक है।"

# सुसाइड से पहले संदीप नये सीसीटीवी फुटेज में स्कूटर पर अकेला जाता दिखा

समर न्यूज | जींद

साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर आत्महत्या मामले में नई सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। ताज़ा वीडियो में संदीप 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 43 मिनट पर अकेले स्कूटर पर सवार होकर लाढ़ौत गांव की ओर जाते दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि घटना के समय उनके साथ कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। जांच टीम यह वीडियो अपने साथ लेकर गई है।

आज जुलाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संदीप लाठर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही है, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष प्रबंध किए गए हैं।



एएसआई संदीप लाठर के ममेरे भाई संजय लाढ़ौत ने बताया कि डीएसपी दलीप सिंह के नेतृत्व में गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने रोहतक से लाढ़ौत तक पूरे रूट के सीसीटीवी कैमरों की जांच की है। जांच टीम संदीप के दफ्तर भी पहुंची थी और वहीं से महत्वपूर्ण सीसीटीवी रिकॉर्डिंग अपने कब्जे में ली है।

संजय लाढ़ौत ने कहा कि परिवार अब तक की जांच प्रक्रिया और सरकार के रुख से संतुष्ट है। उन्होंने बताया कि कई खाप नेता और सामाजिक संगठनों ने परिवार से संपर्क किया, लेकिन परिवार ने स्पष्ट किया है कि वह इस मामले को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहता और न ही किसी जातिगत बयानबाज़ी का हिस्सा बनेगा।

उन्होंने कहा, "परिवार नहीं चाहता कि हरियाणा में 2016 जैसा तनावपूर्ण माहौल दोबारा पैदा हो। हम 36 बिरादरी के बीच भाईचारे को और मजबूत होते देखना चाहते हैं।"

संजय ने यह भी कहा कि जैसे उनका परिवार संदीप लाठर की मौत से आहत है, उसी तरह एडीजीपी वाई. पूरण कुमार के निधन से उनका परिवार भी दुखी है।

उन्होंने मांग की कि सरकार एक संयुक्त जांच कमेटी गठित करे, जिसमें दोनों परिवारों के प्रतिनिधि शामिल हों। साथ ही दोनों परिवारों की संपत्ति और मामले से जुड़े तथ्यों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

# 1 नवंबर से हरियाणा में जमीन की रजिस्ट्री ऑनलाइन होगी

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार जल्द ही भूमि पंजीकरण प्रक्रिया में बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रही है। 1 नवंबर, हरियाणा दिवस से पूरे राज्य में जमीन के डीड (Deed) पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगी। इस कदम के साथ हरियाणा देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां संपत्ति पंजीकरण पूरी तरह पेपरलेस होगा।

राजस्व विभाग के अनुसार, 29 सितंबर को कुरुक्षेत्र जिले की बबैन उप तहसील में शुरू किया गया पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा। इसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया। 28 अक्टूबर से अंबाला, यमुनानगर, करनाल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, फतेहाबाद, पलवल, जींद और झज्जर में नई प्रणाली शुरू होगी। 1 नवंबर से भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, हिसार, कैथल, नूंह, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सिरसा और सोनीपत में भी ऑनलाइन डीड



रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा।

कैसे होगा रजिस्ट्रेशन
डीड वह कानूनी दस्तावेज है जो संपत्ति के स्वामित्व को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ट्रांसफर करता है। अब नागरिक घर बैठे ई रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर लॉगिन करके डीड पंजीकरण कर सकेंगे।

नई ऑनलाइन व्यवस्था में ओटीपी और डिजिटल सिग्नेचर से पहचान सत्यापित की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया तीन स्तर—पंजीकरण क्लर्क-1 (RC1), पंजीकरण क्लर्क-2 (RC2) और उप-पंजीयक (सब रजिस्ट्रार)—के तहत होगी। प्रत्येक स्तर पर फोटो व बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन भुगतान और स्वचालित स्थिति अपडेट की सुविधा मिलेगी।

ऑनलाइन सत्यापन पूरा होने के बाद नागरिकों को केवल एक बार पंजीकरण कार्यालय जाना होगा, जहां अंतिम बायोमेट्रिक सत्यापन और विलेख निष्पादन होगा। उप-पंजीयक के अनुमोदन के बाद सिस्टम स्वतः तीन प्रतियां तैयार करेगा—एक नागरिक के लिए, एक सरकारी रिकॉर्ड के लिए और एक पटवारी के पास नामांतरण व भूमि रिकॉर्ड अपडेट के लिए।

राजस्व विभाग ने नागरिकों और प्रॉपर्टी डीलरों को सलाह दी है कि वे नए स्टांप पेपर अभी न खरीदें। पहले से खरीदे गए स्टांप पेपर नई प्रणाली लागू होने के एक सप्ताह तक इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2137 और ईमेल nodalofficer-it@revhry.gov.in उपलब्ध हैं। संक्रमण काल में प्रत्येक जिले में हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं।

# जगाधरी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत



समर न्यूज | जगाधरी

जगाधरी के ईशान अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे प्रसव के दौरान 28 वर्षीय कोमल और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलने पर जगाधरी सिटी थाना पुलिस और डीएसपी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत करने का प्रयास किया।

**मृतक का विवरण और परिवार की शिकायत :** मृतका की पहचान कोमल, पत्नी अनूप, अशोक विहार कॉलोनी, जगाधरी के रूप में हुई।

कोमल के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में स्टाफ की लापरवाही के कारण उनके बच्चे और पत्नी की जान नहीं बचाई जा सकी।

परिवार का कहना है कि कोमल की नौ महीने की गर्भावस्था पूरी थी और उन्हें उम्मीद थी कि घर में खुशियां आएंगी, लेकिन सब कुछ गम में बदल गया।

**घटना का क्रम :** गुरुवार शाम 6 बजे कोमल को अस्पताल में भर्ती किया गया, अल्ट्रासाउंड में दोनों स्वस्थ पाए गए। रात करीब 3:30 बजे उल्टियों की शिकायत पर स्टाफ ने कोई तुरंत जांच नहीं की।

सुबह 4 बजे डिलीवरी के दौरान डॉक्टर ने बच्चे की मौत की सूचना दी, बाद में कोमल की भी मौत हो गई। परिवार ने आरोप लगाया कि मेडिकल वेस्ट से प्लेसेंटा अस्पताल परिसर में फेंका गया और अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में झूठे आरोप परिजनों पर लगाए।

**पुलिस और पोस्टमार्टम:** पुलिस ने जच्चा-बच्चा के शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल यमुनानगर में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

अस्पताल परिसर में पाए गए प्लेसेंटा को भी जांच के लिए पोस्टमार्टम रूम भेजा गया। डीएसपी राजीव मिगलानी ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद जांच पूरी कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**डॉक्टर का बयान :** ईशान अस्पताल की डॉ. शैली गोयल ने कहा कि मरीज को सामान्य हालत में एडमिट किया गया था और प्रसव के दौरान अचानक जटिलता आई। उन्होंने बताया कि यह स्थिति हजार में एक मामले में होती है और अस्पताल ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। डॉ. शैली ने आरोप लगाया कि परिजन ने मेडिकल वेस्ट को बाहर निकालकर परिसर में फेंका और तोड़फोड़ की।

**परिजनों की प्रतिक्रिया :** परिजन डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। पुलिस और डीएसपी द्वारा आश्वासन देने पर करीब एक घंटे बाद परिजन शांत हुए।

# सोनीपत के हाईवे पर बाप बेटे की गोली मारकर हत्या



समर नयूज | सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत में शुक्रवार सुबह हाईवे पर बाप-बेटे की गोलियों से हत्या कर दी गई। यह घटना एनएच-334 बी, थानाकलां चौक पर सुबह हुई।

जानकारी के अनुसार, गोपालपुर निवासी बाप-बेटा बाइक पर सोनीपत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आई रॉन्ग साइड स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर पुल से नीचे गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने पुल से कूदकर बेटे मोहित पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अपराधियों ने पिता धर्मबीर का पीछा करते हुए हाईवे पार कर एक ढाबे के सामने गोलियां चलाकर हत्या कर दी। बताया गया कि तीन-चार बदमाशों ने लगभग 15-20 राउंड फायर किए। इसके अलावा, बदमाशों ने मोहित की बाइक भी लूट ली। पुलिस के डीसीपी समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

पुलिस शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश के एंगल पर भी काम कर रही है। मृतक मोहित पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज थे, जिसमें खरखौदा के एक युवक की हत्या का आरोप भी शामिल था।

हालांकि बाद में सामाजिक समझौता हुआ था। पिछले साल भी मोहित पर जानलेवा हमला हुआ था। पुलिस की टीमें फिलहाल मामले की गहन जांच में जुटी हैं।

# हरियाणा में नए चिकित्सा उपकरण, अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की कोई कमी न रहे।

**नए उपकरण और मशीनें**
स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार नई मशीनों और उपकरणों की खरीद की जा रही है और उन्हें समय-समय पर अस्पतालों में भेजा जा रहा है। हाल ही में पंचकूला, नारनौल, पानीपत, रेवाड़ी, सोनीपत और गुरुग्राम के सरकारी अस्पतालों में नई अल्ट्रासाउंड मशीनें भेजी गई हैं। इन मशीनों के इंस्टॉलेशन के बाद मरीजों की जांच जल्द ही शुरू कर दी जाएगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार**
आरती सिंह राव ने बताया कि हरियाणा मैडीकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से आवश्यक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की दरें तय की गई थीं। अब



इन्हीं दरों के तहत राज्य के विभिन्न अस्पतालों में उपकरणों की आपूर्ति शुरू हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसके लिए विभाग के सभी स्तरों पर आवश्यक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।

**मरीजों को मिलेगा लाभ**
आधुनिक मशीनों के आने से जांच प्रक्रिया अधिक तेज और सटीक होगी। मरीजों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध होगा। आने वाले समय में अन्य जिलों के अस्पतालों में भी नई मशीनें भेजी जाएंगी, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान स्तर की चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

# सर्दियों से पहले चुराह प्रशासन सतर्क - बिजली, पानी और सड़क विभागों को पूरी तैयारी के निर्देश

**मंजूर पठान । चम्बा**
**समर न्यूज़**



हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में सर्दी ने दस्तक दे दी है। पहाड़ों पर बढ़ती ठंड और संभावित बर्फबारी को देखते हुए चुराह उपमंडल प्रशासन सतर्क हो गया है। उपमंडल चुराह के एसडीएम अंकुर ठाकुर ने जल शक्ति, लोक निर्माण और बिजली विभाग को सर्दियों के मौसम के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।

भारी बर्फबारी के दौरान सड़क मार्गों के बाधित होने, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ने जैसी स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही पुख्ता इंतज़ाम करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दूरस्थ और ऊंचाई वाले इलाकों में भी लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

एसडीएम अंकुर ठाकुर ने कहा कि सभी विभाग सर्दियों के मौसम को देखते हुए अपनी मशीनरी और संसाधन पूरी तरह तैयार रखें। मुख्य सड़कों के साथ-साथ लिंक मार्ग भी खुले रहें, इसके लिए बर्फ हटाने की मशीनें और टीमों को अलर्ट पर रखा जाए। बिजली और जल आपूर्ति स्कीमें बाधित न हों, इसके लिए समय रहते आवश्यक सुधार कार्य पूरे किए जाएं ताकि बर्फबारी के दौर में भी लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलती रहें।

**अंकुर ठाकुर, एसडीएम उपमंडल चुराह** : "सर्दियों के मौसम को देखते हुए तीनों विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी तैयारियां पूरी रखें। मुख्य सड़कें और लिंक रोड बंद न हों, और बिजली-पानी की आपूर्ति भी निरंतर बनी रहे, इसके लिए सभी विभाग सक्रिय रूप से काम करें। हमारा उद्देश्य है कि लोगों को सर्दियों में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# मुद्दों पर हो बहस, व्यक्तिगत कटाक्ष गलत : विक्रमादित्य सिंह

**संजू चौधरी। शिमला**
**समर न्यूज़**

भाजपा विधायक सुधीर शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को "कार्टून" कहने पर हिमाचल की सियासत में गर्मी बढ़ गई है। इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राजनीति में संवाद और कटाक्ष मुद्दों पर होने चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर।



विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पक्ष और विपक्ष दोनों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर प्रश्न का जवाब देने को तैयार है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणियां अनुचित हैं। उन्होंने बिना नाम लिए मंडी से सांसद कंगना रनौत पर भी निशाना साधा। सिंह ने कहा, "मोहतरमा यहां आकर कभी भी कुछ भी कह देती हैं, वह बेलगाम हैं। यह देवभूमि है, हमारे संस्कार इसकी इजाजत नहीं देते।विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत प्रहारों से किसी को कोई लाभ नहीं मिलता और यह राजनीतिक संस्कृति के लिए हानिकारक है।

# मोदी ही NDA का चेहरा, महागठबंधन में मची अंदरूनी कलह : बीएल वर्मा



**समर ब्यूरो । शिमला**

शिमला में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए बहुमत से सरकार बनाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एनडीए का चेहरा हैं और सही समय पर मुख्यमंत्री पद का निर्णय भी हो जाएगा।

बीएल वर्मा ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी "इंडी गठबंधन" के दल आपस में ही भिड़े हुए हैं।

टिकट बंटवारे को लेकर उनमें घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है और इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "वन नेशन, वन राशन कार्ड" योजना के तहत देश का कोई भी गरीब नागरिक किसी भी राज्य से अनाज प्राप्त कर सकता है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि एनडीए सही समय पर चेहरे का निर्णय लेगा, पर चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। बिहार में हमारी सरकार बहुमत से बनेगी।"

# लकड़ी कटान के सख्त नियमों से किसानों में नाराज़गी

**» ऊना में किसानों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, नियमों में बदलाव की मांग**



**राकेश मल्ही । ऊना**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लकड़ी कटान (ट्री फेलिंग) के नियमों को सख्त किए जाने से किसानों में नाराज़गी बढ़ गई है। शुक्रवार को ऊना ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और सरकार से इन नियमों में ढील देने की मांग की।

किसानों का कहना है कि उनकी रोज़ी-रोटी लकड़ी कटान के कार्य से जुड़ी हुई है, लेकिन नए नियमों के कारण अब उन्हें काम करना मुश्किल हो गया है।

किसानों ने बताया कि वे किसी भी तरह का अवैध कटान नहीं करते, बल्कि सरकार द्वारा तय नियमों का पालन करते हुए ही लकड़ी काटते हैं। उन्होंने कहा कि लकड़ी को काटकर वे उसे पंजाब भेजते हैं, जिससे उनके परिवार की जीविका चलती है। लेकिन अब सख्त नियमों के कारण उनका जीवन-यापन संकट में पड़ गया है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि लकड़ी कटान के नियमों को पहले की तरह लागू किया जाए, ताकि उनकी आय पर असर न पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे आंदोलन को और तेज़ करने के लिए मजबूर होंगे।

# देशभर के साथ शिमला में भी रोजगार मेला, 93 युवाओं को केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**समर ब्यूरो । शिमला**

देशभर के 40 स्थानों पर आज डाक विभाग द्वारा 17वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर युवाओं को वर्चुअली संबोधित किया।

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में भी केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के सभागार में रोजगार मेला आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।शिमला में कुल 93 युवाओं को विभिन्न केंद्रीय विभागों- जैसे डाक, गृह मंत्रालय, रेलवे, वित्तीय सेवाएं, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, उच्च शिक्षा विभाग और पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 11 लाख से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है।इस दौरान नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं ने केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देंगे।

उनका कहना था कि इस नौकरी से न केवल उन्हें आत्मनिर्भरता का अवसर मिला है बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।



# शिकारी देवी में फंसे नौ श्रद्धालु सुरक्षित रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रातभर चलाया अभियान

**धर्मवीर । मंडी**
**समर न्यूज़**

मंडी जिले की ऊंची पर्वतमाला शिकारी देवी में माता के दर्शन के लिए गए नौ श्रद्धालु जंगल में रास्ता भटककर फंस गए। इनमें तीन छोटे बच्चे भी शामिल थे। प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने रातभर चले रेस्क्यू अभियान के बाद सभी को सुरक्षित निकाल लिया है।



जानकारी के अनुसार, सुंदरनगर, बल्ह और बग्गी क्षेत्र के निवासी ये श्रद्धालु बीते दिन माता शिकारी देवी के दर्शन के बाद दोपहर में लौट रहे थे। मौसम अचानक बिगड़ने के कारण उन्होंने जंगल के रास्ते शॉर्टकट से नीचे उतरने की कोशिश की, लेकिन वे रास्ता भटक गए और एक नाले के पास फंस गए।जब काफी देर तक वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रात 11 बजे एसडीआरएफ की टीम जंजहैली के लिए रवाना हुई। रात 2 बजे रुहाड़ा क्षेत्र में पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया गया। मोबाइल बंद होने के कारण फंसे लोगों का पता लगाना कठिन हो गया था, लेकिन एसडीआरएफ के जवानों ने अपने अनुभव और स्थानीय मार्गदर्शन से खोज अभियान जारी रखा।

भारी बारिश और ठंड के बावजूद जवानों ने फंसे लोगों तक पहुंचकर उन्हें खाना और पानी उपलब्ध कराया और सुबह करीब 6:30 बजे सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।मंडी की एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित हैं। वहीं, एसडीएम थुनाग मनु वर्मा पूरी रात स्थल पर मौजूद रहीं और राहत कार्य की निगरानी करती रहीं। पुलिस, राजस्व विभाग, होम गार्ड, दमकल विभाग और स्थानीय स्वयंसेवकों ने समन्वय से इस अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया।फंसे हुए श्रद्धालुओं में सुंदरनगर के कनैड निवासी राजेंद्र कुमार, उनकी पत्नी विद्या देवी, बेटा जगमोहन, बहू शिवानी, हरीश कुमार, रश्मि, अयारा, त्रिकुंज और आरती शामिल थे। ये सभी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर लगेगा 5 हजार तक ज़ुर्माना, मेयर ने सख्त रुख अपनाया

**धर्मवीर । मंडी**
**समर न्यूज़**

शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए नगर निगम मंडी अब खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा। शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट ने पाया कि मुख्य बाजार के समीप भगवाहन मोहल्ला और आसपास के इलाकों में कुछ लोग खुले में कचरा फेंककर शहर को गंदा कर रहे हैं।



मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरत रहे हैं। शिकायतों के अनुसार, अधिकतर मामलों में किराएदार इस तरह की हरकतों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब ऐसे लोगों की पहचान सीसीटीवी कैमरों की मदद से की जाएगी और नियमों के तहत उनसे 5 हजार तक का जुर्माना वसूला जाएगा। मेयर ने निगम अधिकारियों को शहर की नालियों की सफाई कार्य भी तेज करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर मिट्टी और गाद के कारण नालियां बंद हो गई हैं, जिन्हें जल्द दुरुस्त किया जाएगा।इस मौके पर मेयर ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न फेंकें और स्वच्छता कर्मियों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देकर शहर की स्वच्छता में सहयोग करें।

# धारा 118 के सरलीकरण के बहाने प्रदेश के हितों की सौदेबाज़ी कर रही सरकार : जयराम ठाकुर

**शिमला, समर ब्यूरो**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 118 में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या सरलीकरण का भाजपा पुरजोर विरोध करेगी।उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार अपने चहेते उद्योगपतियों और मित्र मंडली को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश के हितों की बलि चढ़ाना चाहती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पहले ही धार्मिक संस्थाओं को धारा 118 में छूट देकर भूमि बिक्री का रास्ता खोला, जबकि भाजपा ने इसका विधानसभा के भीतर और बाहर कड़ा विरोध किया। अब सरकार 'सरलीकरण' के नाम पर फिर से प्रदेश की भूमि और संसाधनों को बाहरी तत्वों के हवाले करने की योजना बना रही है, जो स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश की संपत्तियों को नीलाम करने की नीति पर चल रहे हैं।पहले पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की 40 हेक्टेयर भूमि व्यापारी मित्रों को बेचने की कोशिश की गई, जिसे न्यायालय के हस्तक्षेप से रोका गया। अब 20 से अधिक होटलों को बेचने की तैयारी है। यह सरकार प्रदेश के संसाधनों को माफिया और खास लोगों के हवाले कर रही है," जयराम ठाकुर ने कहा।उन्होंने कहा कि भाजपा हिमाचल और हिमाचलियत की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री यदि धारा 118 को छूने की कोशिश करेंगे तो भाजपा सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन छेड़ेगी।



**बड़सर में लोगों से बिना मिले लौटे मुख्यमंत्री : ठाकुर** : नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने बड़सर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में तय कार्यक्रम के बावजूद स्थानीय लोगों से मुलाकात नहीं की। उन्होंने कहा, "सैकड़ों लोग, जिनमें बुजुर्ग और दिव्यांग शामिल थे, मुख्यमंत्री से अपनी समस्याएं बताने पहुंचे थे 9 लेकिन मुख्यमंत्री बिना किसी से मिले वापस लौट गए। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि लोगों की वृद्धा और सहारा पेंशन क्यों रोकी गई है, और सरकार बुजुर्गों को बेसहारा क्यों बना रही है।

**तीन साल में बड़सर अस्पताल की एक ईंट भी नहीं रखी : जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने तीन वर्षों में तीन बार बड़सर सिविल अस्पताल को 100 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की, लेकिन आज तक वहां एक भी नई ईंट नहीं रखी गई। उन्होंने कहा कि "इस सरकार ने विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बजाय संस्थाएं बंद करने में ही शतक लगाया है।

# सीएम सुक्खू ने बड़सर में हेलीपैड और मिनी सचिवालय का किया उद्घाटन

**अरविंद । हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। करीब 11:45 बजे वे बंबुलू पहुंचे, जहां उन्होंने नव-निर्मित हेलीपैड का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



विधायक लखनपाल ने सौंपा मांग पत्र उद्घाटन स्थल पर विधायक लखनपाल मुख्यमंत्री की गाड़ी के पास मौजूद थे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें स्वयं उद्घाटन के लिए बुलाया और दोनों नेताओं के बीच लगभग दो मिनट तक सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई। हेलीपैड का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू मिनी सचिवालय बड़सर के उद्घाटन समारोह के लिए रवाना हुए।

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि वह क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधि होने के नाते मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पहुंचे थे, हालांकि उन्हें प्रशासन की ओर से औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा गया है।

# युवाओं से किए वादे भूली सरकार, आउटसोर्स कर्मचारियों को किया जा रहा बाहर : सुरेश कश्यप

**समर न्यूज | शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते समय युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन अब सरकारी विभागों में कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों को निकाला जा रहा है या उनका वेतन रोका जा रहा है। कश्यप ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के लगभग 182 आउटसोर्स कर्मचारी फिलहाल नौकरी संकट का सामना कर रहे हैं।

# सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : विक्रमादित्य सिंह

**» ठियोग में सड़कों की मेटलिंग की गुणवत्ता पर सख्त नज़र, अधिकारियों से तलब की रिपोर्ट**

**संजू चौधरी । शिमला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश में 40 सड़कें बंद हैं, जिन्हें जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ठियोग क्षेत्र में सड़क सुधार कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इस संबंध में अधिकारियों को मौके पर भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है ताकि लापरवाही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय की जा सके। मंत्री ने कहा कि इस बार बारिश ज्यादा होने के कारण नुकसान भी अधिक हुआ है, लेकिन पुनर्निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है।



**शहरी विकास को मिली 47 करोड़ की मदद**

केंद्रीय शहरी मंत्री के साथ ऑनलाइन बैठक में विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हिमाचल को शहरी विकास के लिए 47 करोड़ रुपये की सहायता मिली है, जिसे शहरी क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग पाँच हजार वेंडर दर्ज किए गए हैं, और अधिकारियों को इनकी पुनर्गणना करने के निर्देश दिए गए हैं। वेंडरों की सुविधा के लिए उन्हें QR कोड भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।विक्रमादित्य सिंह ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसी तरह का सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पंचायती राज चुनाव तय समय पर ही होंगे**

विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए लोक निर्माण मंत्री ने स्पष्ट किया कि पंचायती राज चुनाव समय पर ही कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के आग्रह पत्र पर सरकार ने संज्ञान लिया है और चुनाव में देरी की कोई संभावना नहीं है।

# वार्ड नंबर 1 को बनाएंगे सही मायनों में नंबर वन : पार्षद जसप्रीत कौर

परदीप सिंह हैप्पी/ हरजीत मठारू/ शालू मिरोक
समर न्यूज़ | मोहाली

समर एक्सप्रेस ने मोहाली निगम के अंतर्गत आने वाले 50 वार्डों में 'अपना वार्ड' अभियान की शुरुआत की है, जिसके दौरान वार्ड निवासियों ने वहाँ की समस्याओं और वर्तमान पार्षद द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जाना। आज मोहाली के वार्ड नंबर 1 के वार्ड निवासियों से बातचीत की गई और पार्षद जसप्रीत कौर ने दूसरों से जाना कि उनके द्वारा क्या-क्या काम किए गए और वे कौन से काम हैं जिनका उन्होंने वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं कर पाए। आज समर एक्सप्रेस की टीम मोहाली के फेज़-2 स्थित बाज़ार में लोगों के बीच गई और वर्तमान पार्षद पार्षद जसप्रीत कौर ने कहा कि वह अपने वार्ड नंबर 1 को स्वच्छता और विकास के मामले में हमेशा नंबर वन बनाए रखेंगी, जिसके लिए उन्हें यहाँ के निवासियों की हर ज़रूरत और माँग को समय पर पूरा करने का पूरा भरोसा है। पार्षद जसप्रीत कौर ने अपने वार्ड में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उनके वार्ड के निवासी ही उनकी ताकत हैं, क्योंकि वह जनता द्वारा चुनी गई पार्षद हैं और उन्होंने हमेशा लोगों के सुख-दुख में शामिल होना प्राथमिकता दी है। और वह अपना अधिक से अधिक समय लोगों के बीच बिताना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझती हैं। पार्षद जसप्रीत कौर ने कहा कि आज उनके वार्ड में ऐसा कोई पार्क नहीं है जहाँ युवा लड़के-लड़कियों की सुविधा के लिए ओपन जिम की व्यवस्था न की गई हो और जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा लड़के-लड़कियाँ और वहाँ के वरिष्ठ नागरिक भी सैर करने आते हैं और जिम की सुविधा का लाभ उठाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड की सड़कों की समय पर मरम्मत की जाती है। मैडम जसप्रीत कौर ने आगे कहा कि अगर उन्हें वार्ड के निवासियों से किसी भी समस्या के बारे में फोन आता है, तो वह उसका तुरंत समाधान करती हैं।



द समर एक्सप्रेस द्वारा शुरू किए गए 'अपना वार्ड अभियान' के दौरान फेस-2 मार्केट में मौजूद निवासी।

मेरा वार्ड मेरा परिवार



वार्ड नंबर 1 की कांग्रेसी पार्षद जसप्रीत कौर विकास कार्यों का ब्यौरा बताते हुए।



सीनियर कांग्रेसी नेता राजा कवर्जोत सिंह मोहाली बातचीत करते।



द समर एक्सप्रेस से बातचीत के दौरान वार्ड निवासी।



परमिंदर सिंह ने कहा काउंसलर हमेशा लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते हैं।

## बाजारों में सफाई कर्मचारियों की हमेशा कमी रहती है: अशोक कुमार



वार्ड निवासी अशोक कुमार ने समर एक्सप्रेस से बातचीत में बताया कि उनके वार्ड में पार्किंग स्थल, जहाँ हमेशा गाड़ियाँ खड़ी रहती हैं, वहाँ सफाई कर्मचारियों की हमेशा कमी रहती है, खासकर बाज़ार में, या तो वे समय पर कूड़ा नहीं उठाते, जिससे वहाँ के निवासियों और खासकर बाज़ार में गाड़ियाँ खड़ी करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर उपस्थित राम लाल, विधि चंद, परमिंदर सिंह, दिवजोत सिंह और डॉक्टर के चाचा पवन कुमार ने भी वार्ड नंबर एक में हुए विकास पर बात की।



वार्ड नंबर 1 के निवासी बिधी चंद ने कहा चोरी की वारदातों से मिली राहत।

## राम लाल और विधि चंद ने कहाः पार्षद ने चोरी रोकने के लिए चंडीगढ़ की तरफ एक बड़ी दीवार बनवाई है।

*इस अवसर पर वार्ड निवासी राम लाल और विधि चंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि चंडीगढ़ की ओर से प्रवेश करते समय पुराने फर्नीचर मार्केट के पास चोरी की कई घटनाएं होती थीं और लोगों की मांग पर पार्षद जसप्रीत कौर ने चंडीगढ़ की ओर से मोहाली प्रवेश द्वार पर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए एक बड़ी दीवार बनवाई थी, जिससे चोरी की घटनाओं पर रोक लगी है।*

## राजा कवरजोत सिंह ने मोहाली के वार्ड की सीमाओं के सीमांकन का स्वागत किया।

*इस अवसर पर समर एक्सप्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता राजाकरजोत सिंह मोहाली ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा मोहाली निगम की वार्ड सीमाओं के सीमांकन के संबंध में जारी की गई अधिसूचना का स्वागत करते हैं, क्योंकि सरकार को जो ठीक लगा, वही किया गया है, जो लोगों की मांग के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति कर से छूट देने का निर्णय अवश्य लिया होगा, जो लोगों के हित में है।*

# जीरकपुर में आवारा पशुओं से हंगामा, महिला बाल-बाल बची

समर न्यूज़ | ज़ीरकपुर

जीरकपुर से आज सुबह एक मामला सामने आया, जहाँ गली के अंदर दो आवारा बैल आपस में भिड़ गए। उसी दौरान एक महिला गली में कूड़ा इकट्ठा कर रही थी। झगड़ते हुए बैलों को देखकर महिला डरकर पीछे हट गई, लेकिन आवारा बैल आपस में लड़ते हुए एक मकान का गेट तोड़कर अंदर घुस गए। गनीमत यह रही कि किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई, हालांकि संपत्ति को नुकसान पहुँचा है। इससे पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। कुछ समय पहले प्रसिद्ध पंजाबी गायक रजवीर जवांडा का भी हिमाचल प्रदेश में आवारा पशुओं के कारण सड़क हादसे में निधन हो गया था। जानकारी के अनुसार, रजवीर जवांडा को बाइक राइडिंग का शौक था, और जब वे हिमाचल की यात्रा पर थे, तभी उनकी बाइक के आगे अचानक एक गाय का बछड़ा आ गया, जिससे यह हादसा हो गया। हादसे के बाद उन्हें मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इन घटनाओं के बाद सरकारों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि जब सरकारें पशुपालन और गोसंरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये का कोष एकत्र करती हैं, तो आवारा गायों और बैलों की जिम्मेदारी कौन लेगा।



वहीं, कई समाजसेवी संस्थाएँ अपने स्तर पर गौशालाएँ चलाकर इन बेजुबान पशुओं की सेवा में लगी हुई हैं। वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, लेकिन सरकारी स्तर पर लापरवाही साफ दिखाई देती है।

जनता अब यह सवाल उठा रही है कि जब सरकारें आम नागरिकों से कर वसूलती हैं, तो फिर सड़कों और गलियों में घूम रहे आवारा पशुओं की देखभाल की जिम्मेदारी कौन निभाएगा।

# खरड़ में आवारा जानवरों का आतंक, सड़कों पर मचा हड़कंप

शालू मिरोक | खरड़
समर न्यूज़

शहर की सड़कों पर आवारा जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन गाएं, सांड और कुत्ते सड़कों पर घूमते नजर आते हैं, जिससे न सिर्फ ट्रैफिक बाधित होता है बल्कि लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है।

ऐसा ही द्रश्य खरड बस स्टैंड पर देखने को मिला। खरड़ की मुख्य सड़क पर दो सांडों के बीच जोरदार लड़ाई हो गई। यह नजारा देखकर लोगों में भगदड़ मच गई। वाहनों को अचानक ब्रेक लगाने पड़े, एक बाइक स्वार तो अपनी जान बचाने के लिए अपनी बाइक को सड़क पर छोड कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसे घटनाक्रम रोजाना देखने को मिलते हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।



आस-पास के व्यापारियों ने कहा कि सांड और कुत्तों के झुंड बाज़ारों में घूमते रहते हैं, जिससे ग्राहकों में डर बना रहता है। वहीं, राहगीरों का कहना है कि रात के समय सड़कों पर चलते वक्त डर लगता है क्योंकि अचानक कोई जानवर हमला कर देता है। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन आवारा जानवरों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जाए ताकि शहर में शांति और सुरक्षा बनी रहे। कुछ दिन पहले आवारा जानवरों की समस्या को बहुत सारे लोगों ने जोर-शोर से उठाया था, उनमें पंजाबी इंडस्ट्री के कई कलाकार भी शामिल थे। क्योंकि पंजाब को एक बडा झटका लगा था, जब पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा की मौत हो गई थी। बता दे कि पिंजौर-नालागढ़ रोड पर सेक्टर-30 टी पॉइंट के पास बाइक से आ रहे पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा सांडों की लड़ाई की वजह से हादसे का शिकार हो गए थे। सिंगर बद्दी से पिंजौर आ रहे थे। अचानक सांड आगे आने पर उनकी बाइक अनियंत्रित हुई और वह हाईवे पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राजवीर जवंदा को सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई थीं। एक्सीडेंट के बाद से ही राजवीर लाइफ सपोर्ट पर थे और अस्पताल में ही उन्होने दम तोड दिया था।

आए दिन अवारा जानवरों के आंतक की वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रही है, परन्तु प्रशासन कुंभकरन की नींद सो रहा है। अब स्वाल यह उठता है कि प्रशासन और कितने लोगों के मरने का इंतजार कर रहा है, कब सड़कों पर घुम रहे आवारा जानवरों पर ध्यान दिया जाएगा।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव हुंबड़ा और हंसाला के लिए महत्वपूर्ण जल आपूर्ति परियोजना की नींव रखी और गांववासियों ने विधायक का धन्यवाद किया



परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए, विधायक डेराबासी, कुलजीत सिंह रंधावा ने आज NABARD-30 योजना के तहत गांव हुंबड़ा और हंसाला के लिए महत्वपूर्ण जल आपूर्ति परियोजना की नींव हूंबरां में रखी, जिसकी कुल लागत 49.29 लाख रुपये है।इस परियोजना में 235 मीटर गहरा 200 मिलीमीटर बोर ट्यूबवेल लगाना, एक पंप चैंबर का निर्माण, 25,000 लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी की स्थापना, लगभग 700 मीटर पीवीसी पाइपलाइन बिछाना और 124 घरेलू पानी के कनेक्शन प्रदान करना शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को साफ और सुरक्षित पीने का पानी प्रदान करने के लिए पंजाब सरकार के समर्पित प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि लगातार शुद्ध पानी की आपूर्ति और बेहतर स्वच्छता सुविधाओं को सुनिश्चित करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।उन्होंने आगे बताया कि गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास योजनाबद्ध और समयबद्ध ढंग से किया जा रहा है ताकि निवासियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा सके। इस अवसर पर पूरे गांववासियों ने दस वर्षों की मांग को पूरा करने के लिए विधायक रंधावा का धन्यवाद किया। नींव पत्थर समारोह के दौरान प्रमुख स्थानीय प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रधान, श्रीमती जसपाळ कौर सरपंच हुंबड़ा, श्रीमती स्वरनो कौर सरपंच हंसाला और पूरे पंचायत के सदस्य, तथा जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

# जिले में अब तक 5.25 लाख घरों का सर्वेक्षण 7963 घरों में लार्वा पाया, सावधानी बरतने की अपील की

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में "हर शुक्रवार, डेंगू "टारगेट" अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। घर-घर जाकर व्यापक निरीक्षण, जागरूकता और निवारक उपायों के कारण, पिछले वर्षों की तुलना में इस बार जिले में डेंगू के बहुत कम मामले सामने आए हैं। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन और जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. अनामिका सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य टीमों ने इस वर्ष मार्च से अब तक जिले में 5,24,654 घरों का सर्वेक्षण किया है। इनमें से 7963 घरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए हैं। इसी प्रकार, 1603712 कंटेनरों की जाँच की गई है, जिनमें से 10769 कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए हैं। उन्होंने अपील की। लोगों से इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने और इस जानलेवा बुखार से खुद को बचाने के लिए सावधानियां बरतने का आग्रह किया, क्योंकि इन दिनों डेंगू बुखार के अधिक फैलने की आशंका है। इस बीच, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाँच की और डेंगू बुखार के लिए जिम्मेदार मच्छर के लार्वा का पता लगाने के लिए कंटेनरों की जाँच की और मच्छरों के प्रजनन के अन्य संभावित स्थानों का भी निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया गया। निरीक्षण टीमों में विशेष रूप से ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता समितियों और निवासी कल्याण संघों के सदस्य शामिल थे। जाँच अभियान की निगरानी जिले के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा की गई। डॉ. जैन ने कहा कि डेंगू बुखार फैलाने वाले मच्छर का लार्वा कुछ ही दिनों में खतरनाक मच्छर का रूप ले लेता है जो व्यक्ति की जान भी ले सकता है। उन्होंने कहा कि डेंगू बुखार का कोई निश्चित मौसम नहीं होता, लेकिन आमतौर पर यह बुखार जुलाई से नवंबर के अंत तक अधिक होता है।



जांच करते अधिकारी।

# दुनिया भर में गूंज रही है हिंदी और पंजाबी की मिठास



भाषा केवल संवाद का साधन नहीं होती, यह संस्कृतियों और दिलों को जोड़ने वाला सबसे सुंदर सेतु है। जब मैंने अपनी हिंदी और पंजाबी कक्षाएँ शुरू कीं, तब यह बस एक छोटा-सा कदम था - लोगों को इन भाषाओं की सुंदरता से परिचित कराने का। लेकिन आज यह पहल एक वैश्विक यात्रा बन चुकी है, जहाँ दुनिया के हर कोने से विद्यार्थी इन भाषाओं के माध्यम से भारत से जुड़ना चाहते हैं।

विदेशों में बसे भारतीयों में अपनी मातृभाषा के प्रति भावनात्मक लगाव स्वाभाविक है। कई बार विदेश में पले-बढ़े बच्चे अपने दादा-दादी से बात करना चाहते हैं, पर भाषा की दूरी आड़े आ जाती है। ऐसे में जब वे कहते हैं — “मैं हिंदी बोलना चाहता हूँ ताकि अपनी roots से जुड़ सकूँ,” - तो मन गर्व से भर जाता है।

दूसरी ओर, कई विदेशी छात्र बॉलीवुड गानों, भारतीय साहित्य, अध्यात्म या योग संस्कृति के माध्यम से हिंदी और पंजाबी से जुड़ना चाहते हैं। यह देखना वाकई अद्भुत है कि हमारी भाषाएँ अब सिर्फ भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं रहीं - वे भावनाओं का वैश्विक पुल बन चुकी हैं।

**ऑनलाइन शिक्षा का नया युग**

पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदला है। आज ऑनलाइन लर्निंग एक क्रांति बन चुकी है, जिसने भौगोलिक सीमाओं को मिटा दिया है। अब विद्यार्थी दुनिया के किसी भी हिस्से से सीख सकते हैं - बस एक इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत है।

मैंने जब ऑनलाइन क्लासेस शुरू कीं, तब महसूस किया कि यह माध्यम कितना शक्तिशाली है। एक ही दिन में मैं अमृतसर से सिंगापुर, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका तक के विद्यार्थियों से जुड़ पाती हूँ। टाइम ज़ोन अब बाधा नहीं, बल्कि विविधता का प्रतीक बन गया है।

विद्यार्थी Zoom, Google Meet, और Skype जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स पर सहजता से जुड़ते हैं। कुछ सीखने वाले Coursera, Preply या Italki जैसे अंतरराष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म्स पर भी जुड़ते हैं, जहाँ भाषा सीखना अब एक वैश्विक ट्रेंड बन गया है।

इन डिजिटल माध्यमों ने शिक्षा को न केवल सुलभ बनाया है, बल्कि व्यक्तिगत भी - हर छात्र की ज़रूरत और गति के अनुसार सीखने की सुविधा उपलब्ध है।

**मेरा अनुभव और विद्यार्थियों की यात्रा**

हर विद्यार्थी के साथ एक नई कहानी जुड़ी होती है। किसी को अपने बच्चों को हिंदी में lullabies सिखानी हैं, किसी को पंजाबी में Gurbani के शब्दों का अर्थ समझना है।

ऐसे पलों में लगता है कि मैं केवल भाषा नहीं, भावनाओं की डोर बुन रही हूँ।

हर क्लास मेरे लिए केवल अध्यापन नहीं होती, बल्कि एक अनुभव होती है - संस्कृतियों का आदान-प्रदान, भावनाओं का मेल। जब मैं किसी विदेशी विद्यार्थी को “नमस्ते” कहते हुए मुस्कुराते देखती हूँ या कोई पंजाबी शबद को पहली बार सही लय में गाता है, तो वह क्षण मेरे लिए शब्दों से परे होता है।

कई विद्यार्थी क्लास के दौरान अपने बचपन की कहानियाँ साझा करते हैं - दादी की रसोई की खुशबू, घर में बजता भजन, या किसी मेले की याद।

उनकी आँखों में उस पल अपनेपन की चमक दिखती है। तब महसूस होता है कि मैं केवल भाषा नहीं सिखा रही, मैं उन्हें उनकी जड़ों से दोबारा मिलवा रही हूँ।

कई बार विद्यार्थियों के साथ हँसी-मज़ाक में हिंदी या पंजाबी के शब्दों का अभ्यास करते हुए जो रिश्ता बनता है, वह किसी परिवार जैसा हो जाता है।

मेरा हर विद्यार्थी मेरी यात्रा का हिस्सा है - कोई न्यूज़ीलैंड से “आप कैसे हैं” सीख रहा है, तो कोई कनाडा से “तुहाडा नाम की है?” बोलकर मुस्कुरा रहा है।

विदेशों में बसे कई विद्यार्थियों के लिए हिंदी-पंजाबी सिर्फ सीखने की चीज़ नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने का माध्यम है। वहीं विदेशी विद्यार्थियों के लिए यह भारत की संस्कृति को समझने का रास्ता खोलती है — त्योहारों की रौनक, रिश्तों की गर्मजोशी और शब्दों में बसी मिठास सब उनके दिलों को छू जाते हैं।

**ऑनलाइन शिक्षा ने दी नई पहचान**

महामारी के बाद ऑनलाइन शिक्षा का स्वरूप और मज़बूत हुआ। लोग अब अपने घर से ही उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं - चाहे वो किसी भाषा की हो या किसी तकनीकी विषय की।

मेरी क्लासेस ने भी इसी दिशा में कदम बढ़ाया। इंटरैक्टिव सत्र, प्रैक्टिस शीट्स, छोटे असाइनमेंट्स और संवादात्मक अभ्यास के ज़रिए विद्यार्थियों को एक प्राकृतिक माहौल में सीखने का अनुभव मिलता है।

मैंने यह भी महसूस किया है कि जब विद्यार्थी अपनी भाषा को सम्मान और प्रेम के साथ सीखते हैं, तो वे खुद में आत्मविश्वास महसूस करते हैं। किसी विदेशी को “धन्यवाद” या “ ?” कहते सुनना - यह केवल शब्दों की सफलता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव की विजय है।

**भाषा से जोड़ें दिलों को**

आज जब मैं इस पूरे सफर को देखती हूँ, तो महसूस करती हूँ कि यह सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा है — एक मिशन। मेरा उद्देश्य यही है कि दुनिया के हर हिस्से में लोग हिंदी और पंजाबी की मधुरता को सुनें, बोलें और महसूस करें।

क्योंकि भाषा सिर्फ संवाद नहीं सिखाती, यह संस्कार और संवेदनाएँ भी सिखाती है।

मेरी कक्षाओं में विद्यार्थी केवल शब्द नहीं सीखते, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा को महसूस करते हैं। वे त्योहारों, पारिवारिक रिश्तों और भारतीय मूल्यों को समझते हुए भाषा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं।

**हिंदी और पंजाबी का उज्ज्वल वैश्विक भविष्य**



आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को मान्यता दिलाने के प्रयास जारी हैं, और कई देशों में इसे स्कूलों में वैकल्पिक भाषा के रूप में पढ़ाया जा रहा है।

वहीं पंजाबी कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में तेजी से फैल रही है - सिख समुदाय की उपस्थिति और पंजाबी संगीत की लोकप्रियता ने इसे नई पहचान दी है।

Netflix, YouTube और सोशल मीडिया जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स ने इन भाषाओं को और भी सशक्त बनाया है। अब विदेशी दर्शक भी हिंदी-पंजाबी फ़िल्में, गाने और शॉर्ट वीडियो देखकर इन भाषाओं में रुचि लेने लगे हैं।

भविष्य में, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफ़ॉर्म्स के ज़रिए भाषाओं का प्रसार और भी तेज़ी से होगा। लोग केवल शब्द नहीं, बल्कि संस्कृति और संवेदना भी सीखेंगे।

हिंदी और पंजाबी दोनों भाषाओं में अपार भावनात्मक गहराई, सादगी और आत्मीयता है - यही कारण है कि ये भाषाएँ आने वाले समय में विश्व मंच पर और भी मज़बूत स्थान बनाएंगी।

**जुड़िए इस भाषा यात्रा से**

यदि आप भी हिंदी या पंजाबी सीखना चाहते हैं - संवाद के लिए, यात्रा के लिए या बस भारतीयता को महसूस करने के लिए - तो इस यात्रा का हिस्सा बनें।

मैं, मानवी छाबड़ा, ऑनलाइन भाषा प्रशिक्षक के रूप में आपको आमंत्रित करती हूँ - एक ऐसी सीखने की यात्रा पर, जहाँ शब्दों के साथ भावनाएँ भी बोलती हैं।

क्योंकि आखिरकार - “भाषा सीखना शब्दों को याद करना नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ना है।”



**लेखक : मानवी छाबड़ा**
Contact: manvee22@gmail.com
Instagram: @chhabramanvee

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। यह शिविर 24 अक्टूबर से 7 दिसंबर तक बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित होगा।यह शिविर चीन के हांग्जो में आयोजित महिला एशिया कप 2025 में भारतीय महिला हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन पर आधारित है, जहां उन्होंने रजत पदक जीतकर एशिया की शीर्ष टीमों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया। गोलकीपिंग यूनिट में बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, और माधुरी किंडो के साथ-साथ असम हॉकी की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी समीक्षा सक्सेना भी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था।

रक्षात्मक लाइनअप का नेतृत्व अनुभवी खिलाड़ियों निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता और महिमा चौधरी द्वारा किया जाएगा, जो उभरती हुई प्रतिभाओं इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, अंजना डुंगडुंग, अक्षता अबासो ढेकाले और सुमन देवी थौदाम द्वारा पूरक हैं, जो ऊर्जा और युवा को बैकलाइन में लाते हैं।

मिडफील्ड में, टीम कौशल और निरंतरता का संयोजन करती है, जिसे नेहा, सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, मनीषा चौहान और शर्मिला देवी के अनुभव के साथ-साथ उभरती प्रतिभाएं सुजाता कुजूर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो और पूजा यादव का समर्थन प्राप्त है।

फॉरवर्ड लाइन में गति और स्कोरिंग प्रतिभा का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसमें नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, संगीता कुमारी, रुतुजा दादासो पिसल, मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, अन्नू, ऋतिका सिंह, दीपिकामोनिका टोप्पो, चंदना जगदीश और काजल सदाशिव अटपडकर शामिल हैं। दीपिका, जो अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल के लिए जानी जाती हैं और हाल ही में एक चोट से उबरी हैं, जो महिला एशिया कप 2025 में नहीं खेल पाई थीं, सीनियर कैंप का भी हिस्सा हैं।

# सीमा पार भुगतान प्रणाली को जोखिम : आरबीआई

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी हालिया भुगतान प्रणाली रिपोर्ट में चेताया है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक स्तर पर सीमा पार भुगतान और वित्तीय प्रवाह के लिए गंभीर जोखिम बनते जा रहे हैं। आरबीआई के अनुसार, विश्व वित्तीय ढांचे की केंद्रीकृत प्रकृति और कुछ प्रमुख मुद्राओं पर अत्यधिक निर्भरता के कारण इन पर सीधा असर पड़ता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंध, वित्तीय प्रणालियों या मुद्राओं पर लगाए गए अवरोध और अन्य परिचालन अड़चनें वैश्विक वित्तीय बाज़ारों तक पहुंच को सीमित करती हैं। ऐसे में प्रभावित देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय भुगतान विकल्पों को विकसित कर इन जोखिमों से निपट सकते हैं।

आरबीआई ने बताया कि तकनीकी नवाचारों, निवेश में वृद्धि,



और प्रवास से जुड़ी धन-प्रेषण प्रक्रियाओं के चलते सीमा पार भुगतान प्रणाली निरंतर परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। हालांकि, कई मध्यस्थों के जुड़ने से प्रक्रिया लंबी हो जाती है, डेटा बिखर जाता है और अनुपालन जांच जटिल हो जाती है, जिससे खासकर छोटे कारोबारियों और व्यक्तिगत लेनदेन करने वालों की लागत बढ़ जाती है।

सीमा पार भुगतान को बेहतर बनाने के लिए आरबीआई ने अन्य देशों के साथ सहयोग के कदम उठाए हैं। भारत ने यूपीआई को विदेशी फास्ट पेमेंट सिस्टम से जोड़ने की पहल की है। 2023 में भारत और सिंगापुर ने अपने-अपने भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई और पेनाउ को लिंक किया। अब भूटान, फ्रांस, मॉरिशस, नेपाल, सिंगापुर, यूएई और कतर में भारतीय यात्री यूपीआई ऐप के ज़रिए सीधे व्यापारिक भुगतान कर सकते हैं।

साथ ही भारत ने प्रोजेक्ट नेक्सस में भी भागीदारी की है, जो मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड के साथ एक बहुपक्षीय सीमा पार भुगतान ढांचा है।

**यूटीआई अनिवार्य करने का प्रस्ताव**

आरबीआई ने 1 अप्रैल 2026 से सभी ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव लेनदेन में यूनीक ट्रांजैक्शन आइडेंटिफायर (यूटीआई ) के अनिवार्य उपयोग का प्रस्ताव दिया है। यह पहचान संख्या अंतरराष्ट्रीय मानकों सीपीएमआई और आईओएससीओ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगी। हर यूटीआई में लीगल एंटिटी आइडेंटिफायर (LEI) के साथ 52 अक्षरों तक की विशिष्ट पहचान होगी, जो प्रत्येक लेनदेन के लिए अद्वितीय रहेगी।

आरबीआई ने कहा कि यूटीआई प्रणाली से नीति-निर्माताओं को ओटीसी डेरिवेटिव बाजार का समग्र दृष्टिकोण मिलेगा और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी।

**भुगतान प्रणाली से जुड़े मुख्य निष्कर्ष**

छोटे और मध्यम मूल्य के लेनदेन के लिए यूपीआई सबसे लोकप्रिय माध्यम बना।

मध्यम से बड़े लेनदेन में आईएमपीएस को तरजीह दी जाती है।

क्रेडिट कार्ड में विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी 2020 से 2025 के बीच 11.7% से घटकर 4.1% रह गई।

ऑनलाइन शॉपिंग और ऋण के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है।

डेबिट कार्ड अब भी मुख्यतः नकद निकासी और सामान्य लेनदेन के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

डिजिटल भुगतान विकल्पों से इन पारंपरिक माध्यमों पर प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

## क्रिकेट के गुर और जिंदगी की सीख, कोच चरणजीत सैनी का पचास साल का सफ़रनामा

# मैदान में मन को शांत और शरीर को तैयार रखो, ओवरइटिंग मत करो

» इंडिया टीम के कोच चरणजीत सैनी ने कहा जिस दिन मेहनत ईमानदारी से होगी उस दिन कोई भी खिलाड़ी जिंदगी की जंग जीत जायेगा

क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं, बल्कि एक सोच, अनुशासन और समर्पण का नाम है। इसी सोच को पिछले पाँच दशकों से निखार रहे हैं इंडिया टीम के अनुभवी कोच चरणजीत सैनी, जिन्होंने अंडर-15 और अंडर-19 स्तर पर सैकड़ों खिलाड़ियों को तैयार किया है। ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर के साथ हुई खास बातचीत में कोच सैनी ने अपने 50 साल के कोचिंग अनुभव, अंतरराष्ट्रीय दौरों की यादें, और आज के युवाओं को सफल खिलाड़ी बनने के मंत्र साझा किए।

**आपका क्रिकेट कोचिंग में अनुभव कितना पुराना है?**

मेरा क्रिकेट से जुड़ा सफर करीब 50 साल पुराना है। मैंने ज़िंदगी का सबसे बड़ा सुकून बच्चों को क्रिकेट सिखाने में पाया है। जब मैं उन्हें मैदान पर मेहनत करते देखता हूं, तो लगता है कि यही मेरा असली योगदान है।

**1995 में जब आप अंडर-19 टीम को वेस्ट इंडीज लेकर गए थे, उस समय का अनुभव कैसा रहा?**

वो अनुभव आज भी मेरी यादों में ताज़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एक रिपोर्टर ने मुझसे पूछा था – “क्या आप जीतकर लौटेंगे?” मैंने कहा – “हारने का सवाल ही नहीं उठता, जिनके पास अच्छे बॉलर और बल्लेबाज हों, वो कभी हार नहीं सकते।” मैच के दौरान टॉस जीतने के बाद कप्तान ने मुझसे पूछा कि बैटिंग करें या बॉलिंग। मैंने कहा – “बैटिंग करो।” उसने कहा बारिश के कारण पिच गीली है, लेकिन मैंने उसे भरोसा दिया। जब खेल शुरू हुआ तो वेस्ट इंडीज की बॉलिंग बहुत तेज़ थी, पर हमारी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और वो मैच जीत लिया।

1995 में खेले गए कुल 23 मैचों में हमारी टीम सभी में विजेता रही।

**1998 में अंडर-15 टीम को लेकर गए तो उस समय क्या हुआ था?**

1998 में हम एक मैच हार गए थे। उस हार ने मुझे कई दिनों तक सोने नहीं दिया। मैं सोचता रहा कि इतनी मजबूत टीम हार कैसे गई। तब मेरे मैनेजर ने कहा कि टीम का डाइट बहुत भारी है। हमारे ज़माने में हम कम खाते थे, फिर भी अच्छा खेलते थे। लेकिन ये खिलाड़ी सुबह-शाम दो से तीन मुर्गे खाते थे, इसी वजह से वे सुस्त हो गए। उसी के बाद मैंने खिलाड़ियों को भारी खाना देना बंद कर दिया।

**आपने एक बार कहा था कि 15 अगस्त 1995 का मैच यादगार रहा। क्यों?**

हाँ, वो मैच मैं कभी नहीं भूल सकता। मैंने खिलाड़ियों से कहा था “आज हमारी आज़ादी का दिन है, किसी भी कीमत पर मैच नहीं हारना।” टीम ने बात मानी और हमने वो मैच 8 विकेट से जीता। उसके बाद लगातार दो टेस्ट मैच भी जीते।



मुझे पूरा यकीन है कि हल्का खाना और अनुशासन ही उस जीत की कुंजी थी।

**क्रिकेट में डाइट और एनर्जी को लेकर आपका क्या अनुभव रहा है?**

खिलाड़ी अगर ओवरईटिंग करते हैं तो उनकी परफॉर्मेंस पर बुरा असर पड़ता है। मैच वाले दिन हल्का खाना खाएं, तभी शरीर बेहतर रिस्पॉन्ड करता है। मैच से एक दिन पहले हम टीम को जागकर मोटिवेट करते थे, ताकि वे मैदान की परिस्थितियों समझ सकें।

**आप मेडिटेशन को कितना ज़रूरी मानते हैं?**

बहुत ज़रूरी, जो खिलाड़ी मेडिटेशन नहीं करता, वह कभी अच्छा खेल नहीं सकता।

क्रिकेट आंखें बंद करके भी खेली जा सकती है, अगर खिलाड़ी मन और ध्यान को केंद्रित करना सीख ले। बिना वजह बोलने या एनर्जी खर्च करने से बचना चाहिए “एनर्जी आपकी 100 रुपये जैसी है, अगर खर्च कर दी तो खेल में कुछ नहीं बचता।”

**बच्चों को किस उम्र में और किसके साथ खेलना चाहिए?**

अगर बच्चा 12 साल का है, तो उसे 12 साल के बच्चों के साथ ही खेलना चाहिए।

अगर उसे 15 साल के बच्चों के साथ खिलाया गया तो उसकी कंफिडेंस और परफॉर्मेंस पर असर पड़ेगा। पहले मिनी गेम्स और नेशनल लेवल प्रतियोगिताएं होती थीं, अब वे बंद हो गई हैं। यही कारण है कि 8 से 12 साल की उम्र में बच्चों की नींव मजबूत नहीं बन पा रही।

**पंजाब में बेसिक क्रिकेट को लेकर आपकी क्या राय है?**

आज पंजाब में अच्छे ग्राउंड और बेसिक ट्रेनिंग सुविधाएं नहीं हैं। बच्चों पर पढ़ाई का दबाव इतना है कि वे खेल के लिए समय नहीं निकाल पाते। मेरी राय है कि बच्चों को 3-4 दिन सिखाया जाए और बाकी दिन प्रैक्टिस कराई जाए, ताकि पढ़ाई और खेल दोनों में संतुलन बना रहे।

**चयन प्रक्रिया (सेलेक्शन) में क्या बदलाव होने चाहिए?**

अभी बच्चे को नेट पर सिर्फ 4 बॉल्स खेलाकर तय कर लिया जाता है कि वह अच्छा है या नहीं यह पूरी तरह गलत है। सेलेक्शन डिस्ट्रिक्ट और ज़ोन लेवल पर मैचों के आधार पर होना चाहिए। तभी पता चलेगा कि बच्चा असल में कितना काबिल है।

**आप भविष्य में भारतीय क्रिकेट को कहां देखते हैं?**

अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले 15 सालों में बेसिक क्रिकेट खत्म हो जाएगी।

आज डेढ़ लाख का बैट कौन खरीदेगा? बच्चों के पास न जूते हैं, न किट, न ग्राउंड।

बच्चे नंगे पैर खेल रहे हैं ये खेल का नहीं, सिस्टम का दोष है। इंग्लैंड में एक मैदान पर 40 नेट होते हैं, जहां बच्चे रोज़ ट्रेनिंग लेते हैं। इसलिए वहां की क्रिकेट दुनिया में सबसे बेहतरीन है। अगर पंजाब में ये सुविधाएं नहीं दी गईं, तो आने वाले वक्त में खिलाड़ियों की कमी गंभीर रूप से महसूस होगी।

**युवाओं को क्या संदेश देना चाहोगे?**

क्रिकेट हो या ज़िंदगी सफलता सिर्फ़ ताकत से नहीं, अनुशासन, संयम और निरंतर अभ्यास से मिलती है। मैंने 50 साल इस खेल को जिया है और यही सीखा है कि जो मेहनत करता है, वही ऊँचाई तक पहुँचता है। खेल के मैदान में हमेशा मन को शांत और शरीर को तैयार रखो। वरईटिंग मत करो, ओवरटॉक मत करो अपनी एनर्जी बचाकर सही वक्त पर इस्तेमाल करो।

याद रखो, असली खिलाड़ी वही है जो जीतने से पहले खुद पर विश्वास करता है। अपने सपनों को बड़ा रखो, लेकिन शुरुआत छोटी और सच्ची मेहनत से करो। हर दिन कुछ नया सीखो, हर मैच में कुछ सुधारो, और कभी हार से डरना मत।

अगर तुम समर्पण और ईमानदारी से खेलोगे, तो सिर्फ मैच नहीं, ज़िंदगी भी जीतोगे।

इस ऑनलाइन इंटरव्यू देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें :https://youtu.be/mLvAb4FutIY

# हमने खेल के हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया: डैरेन सैमी



**ढाका, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा है। हेड कोच डैरेन सैमी ने माना है कि उनकी टीम ने खेल के हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया।डैरेन सैमी ने कप्तान शाई होप की नेतृत्व क्षमता और बल्लेबाजी में निरंतरता की सराहना की, लेकिन टीम के ओवरऑल प्रदर्शन, खासकर गेंदबाजी से निराश नजर आए। सैमी ने कहा, “शाई होप की बल्लेबाजी सीरीज का सकारात्मक पक्ष रही। वह हर बार चुनौती का सामना करते हुए टीम को लेकर आगे बढ़ते हैं। वह लीडर हैं। लेकिन जिस तरह से हमने गेंदबाजी की, उससे मैं वाकई निराश हूं। यही वह क्षेत्र है जहां आपको अपनी योजनाओं को लागू करने का मौका मिलेगा और वह भी आपके लिए सबसे अनुकूल परिस्थितियों में। पिछले तीन मैचों में हमने जो प्रदर्शन किया वह बहुत खराब था, पर्याप्त निरंतरता नहीं थी।” ढाका में स्पिनरों के अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद, सैमी ने हार के लिए कोई बहाना नहीं बनाया और बांग्लादेश के अपने घरेलू स्थितियों का फायदा उठाने के अधिकार का बचाव किया।

उन्होंने कहा, “मैं आपको बता दूं, मैं हमेशा घरेलू फायदे के लिए तत्पर रहता हूं। मैं बांग्लादेशी टीम या अधिकारियों को यह नहीं बता सकता कि उन्हें कैसा विकेट तैयार करना है। मेरा ध्यान इस बात पर है कि मेरी टीम के पास विदेशी धरती पर खेलते हुए आने वाली हर चुनौती का सामना करने का कौशल हो। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। आपको घरेलू मैदान पर जीतने के लिए जो करना है, वो करना चाहिए। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। बांग्लादेश के बाहर आपके विकास पर इसका असर पड़ता है या नहीं, यह उन पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि मेरे खिलाड़ी पूरी सीरीज में अच्छा नहीं खेले।”

सैमी ने टीम की खराब फील्डिंग पर अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ कैच छोड़ना काफी महंगा साबित हुआ।

वेस्टइंडीज को दो बार अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप जिताने वाले सैमी सीरीज में अकील हुसैन के प्रदर्शन से प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा कि अकील के अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई। ऐसी टीम में जहां आपके पास तीन बाएं हाथ के स्पिनर हों और एक ऐसा खिलाड़ी जो पिछले दो सालों से बाहर रहा हो और आकर उनसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा हो, तो निश्चित रूप से टीम के लिए अच्छा है। टीम में प्रतिस्पर्धा है, जो अच्छी बात है। एक टीम में आप यही चाहते हैं। आप खिलाड़ियों को इसलिए नहीं चुनना चाहते क्योंकि उनके पास उनकी जगह लेने वाला कोई नहीं है।

# 15 सालों से रखता आ रहा था विस्फोटक सामग्री, पुलिस को कानों-कान खबर नहीं

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

विजयनगर इंदिरा कॉलोनी में वीरवार को एक घर में ब्लास्ट होने से 10 बच्चों सहित 16 लोग घायल होने के मामले में थाना डिवीजन नंबर 2 की पुलिस ने आरोपी उस्मान खान पर मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी एक सवाल या निशान उठता नजर आ रहा है। इलाके के लोगों के अनुसार आरोपी उस्मान पिछले 15 सालों से उक्त घर पर रह रहा था और दशहरा पर्व पर रावण में पटाखे लगाने का काम करता था। वह पिछले कई सालों से अपने घर पर ही विस्फोटक सामग्री और पटाखे रखता था। उसका घर पुलिस चौकी जनकपुरी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर था। किसी भी अधिकारी को नहीं मालूम था कि वह बिना लाइसेंस के पिछले 15 सालों से इलाके में विस्फोटक सामग्री रखता चले आ रहा था।


अभी 11 साल


साहिल 14 साल


शुभम 20 साल


बलास्ट की तस्वीरें

## कूलर में रखे विस्फोटक सामग्री में हुआ पहले धमाका, फिर कमरे में रखे सामान में लगी आग

*इलाके के लोगों ने बताया कि घटना के दौरान बच्चे गली में पटाखे चला रहे थे इसी दौरान उस्मान के घर के बाहर रखे कूलर में पटाख़े की चिंगारी गिर गई, जिसके बाद कूलर में पड़े विस्फोटक सामग्री में धमाका हुए,जिसके बाद कमरे के अंदर पड़े सामान में आग लग गई। जिस दौरान एक के बाद एक तीन घमाके हुए।*

**▪ 8 घायलों को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में करवाया भर्ती 2 दिल्ली के अस्पताल में...**

*सभी घायलों को ब्लास्ट के बाद सिविल अस्पताल में ले जाया गया था जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही दो घायलों को दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सभी घायलों की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है।*

**▪ आरोपी उस्मान के बेटा और पत्नी भी हुए हादसे का शिकार...**

*ब्लास्ट के दौरान आरोपी उस्मान की पत्नी और छोटा बेटा भी इस हादसे का शिकार हो गए, उन्हें दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उस्मान के बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टर के द्वारा बताया जा रहा है कि आग लगने से उसके पेट के निचला हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया है, वही उसका प्राइवेट पार्ट भी बुरी तरह से जल चुका है।*

**▪ कम मात्रा में विस्फोटक सामग्री होने के चलते टला बड़ा हादसा...**

*घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घर से सैंपल बरामद किए। वही उन्होंने बताया कि घर में मौजूद विस्फोटक सामग्री कम मात्रा में होने के चलते बड़ा हादसा होने से टला है। अगर सामग्री ज्यादा मात्रा में होती तो आरोपी के घर के साथ-साथ आसपास के घरों की छतें भी उड़ सकती थी।*

# 100 ग्राम हेरोइन और अवैध हथियार सहित 2 आरोपी काबू



सौरभ अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना क्राइम ब्रांच की टीम को एक बड़ी सफलता हासिल हुई। जहा पुलिस ने 100 ग्राम हेरोइन और एक अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बेअंत जुनेजा ने बताया कि उच्ची मंगली रोड स्थित सूआ पुली के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों विशाल और हरमिंदर सिंह को पैदल आते देख रोका गया। पुलिस टीम को उन्हें देखकर शक हुआ तो उन्होंने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन, 315 बोर का एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 21, 61, 85 NDPS एक्ट और धारा 25, 54, 59 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत थाना फोकल प्वाइंट लुधियाना में मामला दर्ज किया। वही पुलिस ने आरोपियों को अदालत से रिमांड प्राप्त कर लिया है और अब यह जांच की जा रही है कि बरामद नशा और हथियार इन्हें कहां से प्राप्त हुए। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी विशाल के खिलाफ पहले भी एक हत्या का मामला, जबकि हरमिंदर सिंह के खिलाफ एक छेड़छाड़ और एक NDPS एक्ट का मामला लुधियाना में दर्ज है।

# कौशल का नहीं निकला पंजाब कनेक्शन और भी गैंगस्टरों से पुलिस ने की पूछताछ

सुनील शिंगार\अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

प्रोपर्टी कारोबारी के घर पर हुई फायरिंग मामले में वीरवार को लुधियाना सीआईए 1 की टीम गैंगस्टर कौशल चौधरी को गुरुग्राम की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लुधियाना लेकर पुहंची थी। जहा सिविल अस्पताल में से मेडिकल जांच करवा पुलिस अधिकारी लगातार उससे पूछताछ कर रहे हैं। प्राथमिक पूछताछ में कौशल चौधरी का पंजाब का कोई भी लिंक नहीं निकाला है। ऐसे में अभी बाकी के दिन कौशल चौधरी से लगातार पूछताछ की जाएगी और इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है की प्रॉपर्टी कारोबारी पर गोलियां चलाने वाले बदमाश आखिर कौन है। इस बात का भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उक्त गोलियां चलाने वाले बदमाशों ने आखिरकार कौशल चौधरी का नाम पर्ची पर लिखकर वहां पर क्यों फेंका। बता दे कि बीते दिनों लुधियाना के डाबा इलाका में रहने वाले पूर्व फौजी व प्रॉपर्टी कारोबारी नंद लाल के घर पर देर रात बदमाशों ने गोलियां चलाई थी। गोलियां चलाने के बाद बदमाश वहां पर एक पर्ची जिस पर कौशल चौधरी गैंग का नाम लिखा हुआ था फेंक कर भाग गए।

**▪ काला होशियारपुरी को भी बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर ला की गई थी पूछताछ...**

इस मामले में कौशल चौधरी को प्रोडक्शन वारंट पर लाने से पहले लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा बठिंडा जेल में बंद काला होशियारपुरी को भी प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। काला होशियारपुरी का प्रोडक्शन वारंट शुक्रवार को खत्म हुआ, तो उसको अब वापस बठिंडा जेल में भेजा गया है। बताया जा रहा है कि काला होशियारपुर से भी पुलिस को कई ऐसे कुल्लू मिले हैं, जिसमें गैंगस्टरों के द्वारा की गई वारदातों को सुलझाने की बात मानी जा रही है।

**▪ और भी कई गैंगस्टर नाम लिस्ट में शामिल...** काला होशियारपुरी और अब कौशल चौधरी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आने के बाद पुलिस की लिस्ट में और भी कई गैंगस्टरों के नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि इन गैंगस्टरों में से कुछ जेल में बंद है जबकि कुछ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की बात मानी जा रही है। पुलिस इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आखिर गैंगस्टरों द्वारा किसी और बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने की योजना बनाई जा रही है या फिर जो इससे पहले अनसुलझे मामले हैं उनको भी सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

## ब्लास्ट में मरे कुणाल के परिवार को मिले 50 लाख, पत्नी को नौकरी

समर न्यूज़ | लुधियाना

बुधवार की देर रात वेरका मिल्क प्लांट में स्टीम बॉयलर फटने से पांच लोग गंभीर घायल हो गए थे, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक हैबोवाल हकीकत नगर निवासी कुणाल जैन के परिजनों ने वीरवार देर शाम वेरका मिल्क प्लांट के बाहर मांगो को लेकर धरना लगा दिया था, जिसके बाद प्लांट के जीएम ने उनकी मांगों को कबूलते हुए मृतक की पत्नी को पक्की नौकरी व 50 लाख के मुआवजे का ऐलान किया। इसके बाद शुक्रवार को थाना सराभा नगर के पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।वही अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि विस्फोट के दौरान कुणाल का हार्ट और फेफड़े फट गए थे, वही उसके चहरे की हड्डियां भी टूट चुकी थी।

# छठ पूजा पर लुधियाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़


फोटो :- लक्की भट्टी

समर न्यूज़ | लुधियाना

छठ पूजा के कारण लुधियाना रेलवे स्टेशन पर यूपी और बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जिसके कारण भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और स्पेशल ट्रेनें भी चलाई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए, रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी रोक भी लगा दी है और लोगों से कम सामान के साथ यात्रा करने का अनुरोध किया है।

# नशा तस्कर रोबट सिद्धू के अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

समर न्यूज़ | लुधियाना



पंजाब सरकार की "युद्ध नशे विरुद्ध" मुहिम के तहत लुधियाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत थाना शिमलापुरी के अधीन पड़ते इलाके गुरु गोबिंद सिंह नगर में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार शाम नशा बेचने वालों के अवैध निर्माण पर "पीला पंजा" चलाया। यह कार्रवाई डीसीपी हरपाल सिंह के दिशा-निर्देशों पर की गई।

पुलिस के अनुसार यह घर रोबिट सिद्धू और उसकी बहन रवीना का था, जोकि पिछले लंबे समय से इलाके में नशे की तस्करी का कारोबार कर रहे थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आठ से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस और नगर निगम की टीम सुरक्षा घेरे के बीच मौके पर पहुंची और जेसीबी (पीला पंजा) चलवाकर तस्करों के घर में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पूरा इलाका सुरक्षा घेरे में था ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। कार्रवाई को देखने के लिए स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में एकत्र हो गए।

जैसे ही निगम ने पीला पंजा चलाया मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि नशे के कारोबार के कारण इलाका लंबे समय से परेशान था। अब जाकर उन्हें राहत मिली है। कई निवासियों ने पुलिस और प्रशासन का धन्यवाद करते हुए "पुलिस जिंदाबाद", "पंजाब सरकार जिंदाबाद" और "नशा मुक्त पंजाब जिंदाबाद" के नारे लगाए।

डीसीपी हरपाल सिंह ने मौके पर कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और इस अवैध कारोबार में लिप्त किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून सबके लिए समान है। उन्होंने कहा कि लुधियाना पुलिस का उद्देश्य केवल गिरफ्तारी नहीं बल्कि नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को तोड़ना है। डीसीपी ने जनता से अपील की कि वे ऐसे तत्वों की जानकारी पुलिस को दें ताकि पंजाब को नशामुक्त बनाया जा सके।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए पुलिस ने भेजीं रजाइयां

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा और डीसीपी रुपिंदर सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए पहल की। उन्होंने सतगुरु रविदास वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी तथा भगवान महावीर सेवा संस्थान, लुधियाना के सहयोग से रजाइयों से भरा एक ट्रक पुलिस कमिश्नर कार्यालय से बाढ़ पीड़ित इलाको में रवाना किया गया। इस अवसर पर गुरदेव सिंह, कमल कुमार कटारिया, करमजीत सिंह, राकेश जैन और तजिंदर सिंह मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस के घर में रखी थी विस्फोटक सामग्री, मामला दर्ज, फिलहाल आरोपी फरार

समर न्यूज़ | लुधियाना

विजयनगर स्तिथ इंदिरा कॉलोनी में वीरवार को हुए ब्लास्ट में थाना डिवीजन नंबर 2 की पुलिस ने आरोपी उस्मान पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं घटना के बाद से आरोपी अभी तक फरार बताया जा रहा है पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी उस्मान खान के पास बारूद या पटाखा बनाने का लाइसेंस नहीं था। वह पिछले कई सालों से अपने घर पर गैरकानूनी तरीके से पटाखे व रावण के पुतले बनाने में इस्तेमाल होने वाला बारूद रख रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बिना लाइसेंस के घर में बारूद रखकर लोगों की जान से खिलवाड़ करने के मामले में एफआईआर दर्ज कर दी है। बता दे कि वीरवार की दोपहर करीब 12 बजे इंदिरा कॉलोनी एक घर मे जबरदस्त धमाके के बाद आग लग जाती है एक के बाद एक दो से तीन धमाके होते है। धमाके के दौरान इलाके में भगदड़ मच जाती है। वही ब्लास्ट में 10 बच्चो सहित कुल 16 लोग झुलस जाते है, जिन्हें तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया जाता है। जहा से सभी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही ब्लास्ट के समय से ही आरोपी उस्मान मौके से फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए अब लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं इलाके के लोगों ने बताया कि आरोपी उस्मान के खिलाफ इससे पहले भी शराब तस्करी और अवैध पटाखे रखने के मामले दर्ज है। थाना डिवीजन नंबर 2 के प्रभारी गुरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी उस्मान के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट, 1908 की धारा 3 व 5 के तहत मामला दर्ज किया है। जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुरक्षित • स्वास्थ्य विभाग लुधियाना की ओर से जागरूकता मुहिम तेज, "हर शुक्रवार डेंगू पर वार" अभियान जारी

# घर के आसपास जमा साफ पानी में पैदा होता है डेंगू का मच्छर: डॉ. रमनदीप कौर

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

स्वास्थ्य विभाग लुधियाना की ओर से "हर शुक्रवार – डेंगू पर वार" अभियान के तहत लगातार जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम का उद्देश्य लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना और डेंगू मच्छर के प्रजनन स्थलों को समाप्त करना है, ताकि जिला पूरी तरह डेंगू-मुक्त बन सके। सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने बताया कि हर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घरों, स्कूलों, दफ्तरों, अस्पतालों और बाजारों में जाकर डेंगू रोकथाम संबंधी जांच करती हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर केवल साफ पानी में ही पैदा होता है। जहां भी पानी सात दिनों से अधिक समय तक जमा रहता है, वहां डेंगू मच्छर के पनपने की संभावना रहती है। इसलिए हर शुक्रवार अपने घर की पूरी जांच करनी चाहिए जैसे कि कूलर, गमले, छत पर रखी टंकियां, पुराने टायर, कबाड़ का सामान आदि में पानी जमा न होने दिया जाए और घरों के आस-पास खड़े पानी को साफ किया जाए।





## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की मास मीडिया विंग के जिला मास मीडिया अधिकारी परमिंदर सिंह और जिला बीसीसी कोऑर्डिनेटर बर्जिंदर सिंह बराड़ ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को जागरूक किया और जांच के दौरान मिले मच्छरों के लार्वा को मौके पर नष्ट करवाया।उन्होंने बताया कि अगर किसी को तेज़ बुखार, शरीर में दर्द, सिर दर्द, आंखों के पीछे दर्द या त्वचा पर चकत्ते (दाग़) जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नज़दीकी सरकारी अस्पताल में जांच करवानी चाहिए। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच और इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जाता है।

## डेंगू का मच्छर दिन में काटता है: डॉ. बबीता

*जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. बबीता ने बताया कि डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है, इसलिए बच्चों को स्कूल जाते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने चाहिए। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों में बच्चों के लिए जागरूकता व्याख्यान, रैलियां और पोस्टर प्रदर्शन करवा रही हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों और गांवों में स्वास्थ्य कर्मियों व आशा वर्करों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पंचायतों और नगर निगम अधिकारियों के सहयोग से सफाई अभियान भी चलाए जा रहे हैं।*

# लुधियाना के कोचर मार्केट में बड़ा हादसा टला बच्चों से भरी बस हाई टेंशन तारों से टकराई

अशवनी पाहवा/ शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के कोचर मार्केट इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब बच्चों से भरी एक निजी कंपनी की बस हाई टेंशन तारों से टकरा गई। बस में संगरूर से खेल प्रतियोगिता के लिए लुधियाना में लगभग 55 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद सभी बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जिसके बाद उन्हें दूसरी बस से गुजरांवाला कॉलेज में भेजा गया।घटना के बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई क्योंकि बस के टकराने से हाई टेंशन तार टूट गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला और बिजली विभाग को सूचना दी। बिजली विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।



हादसे के दौरान हाई टेंशन तारों से टकराई बस

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस चालक को सड़क किनारे झूलती तारें नजर नहीं आईं और बस अचानक उनसे टकरा गई। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पुलिस चौकी कोचर मार्किट और थाना डिवीजन 5 की पुलिस पुहंची। जिन्होंने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 49